



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024


# जन अदालत लगाकर नक्सलियों ने शिक्षादूत को उतारा मौत के घाट

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

सुकमा जिले के जगरगुण्डा निवासी शिक्षादूत की नक्सलियों ने शनिवार को पुलिस मुखबरी का आरोप लगाते हुए जन अदालत लगाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में लाठी डंडे से पीटने के बाद रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी।

जानकारी के मुताबिक थाना जगरगुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदपल्ली निवासी शिक्षादूत दूधी अर्जुन पिता डोडी मंगलू (25) की माओवादियों द्वारा पुलिस मुखबिरी के शक में जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई। इसकी सूचना पुलिस को रविवार को मिली, जिसके बाद जगरगुण्डा थाना में अज्ञात माओवादियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि युवक की हत्या के बाद नक्सलियों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं देने का फरमान जारी किया था, जिसके बाद डर के चलते इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। वहीं ▶▶|शेष पेज 4 पर




## जनअदालत में नक्सलियों ने दो को फांसी पर लटकाया, छात्र को धमकाकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर

भैरमगढ़ इलाके के जप्पेमरका में जनअदालत, मुखबिरी का शक

नक्सलियों ने एक बार फिर बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में जनअदालत लगाकर दो ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। दोनों ग्रामीणों पर वर्ष 2014 से पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के सामने पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर टांग दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। नक्सलियों ने एक माह के अंदर यह पांचवी हत्या की है। इससे पूर्व दो ग्रामीणों के अलावा एक महिला नक्सली को पुलिस का मुखबिर बताते हुए जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अगवा किए गए स्कूली छात्र को रिहा कर करते हुए पुलिस के लिए मुखबिरी नहीं करने की चेतावनी दी है।

जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ क्षेत्र के जप्पेमरका इलाके में नक्सलियों ने दो दिन पहले जनअदालत लगाकर ग्रामीण माड़वी सूजा व पोडियामी कोसा पर पुलिस ▶▶|शेष पेज 2 पर

एक माह में जनअदालत लगाकर की पांचवी हत्या

▶▶ शेष पेज 2 पर

## बौखलाहट में नक्सली, आम लोगों को बना रहे निशाना

पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक अलग अलग मुठभेड़ में 153 माओवादियों को मौत के घाट उतार चुकी है। नक्सलियों का इलाके में भय समाप्त होने व बौखलाहट में नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों को पुलिस मुखबरी के आरोप में निशाना बनाया जा रहा है। यही वजह है कि शिक्षादूत की हत्या कर दी गई हालांकि नक्सली हत्या से पहले कई बार चेतावनी देते है फिर भी नहीं मानने पर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## *अमानवीय चेहरा उजागर*

*ग्रामीण अंचल में शिक्षादूत बनकर गरीब आदिवासी बच्चों को पढ़ाकर अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले युवक की हत्या कर नक्सलियों ने अपना अमानवीय चेहरा उजागर किया है। बस्तरवासी उनका यह बर्बर अत्याचार को समझ चुके हैं। जल्द ही बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा होगा।*

*-पी. सुंदरराज*
*आईजी बस्तर*

## *एक माह में जनअदालत लगाकर की छठी हत्या*

*लगभग एक माह के अंतराल में नक्सलियों द्वारा पुलिस इनफॉर्मर बताते जनअदालत लगाकर की गई यह पांचवी हत्या है। इससे पूर्व पुलिस इनफॉर्मर बताते हुए अपने ही महिला साथी निलो उर्फराधा को नक्सलियों ने गद्दार करार देते हुए जनता के सामने जनअदालत लगाकर हत्या कर दी थी। अपने ही साथी कि हत्या नक्सलियों ने तेलंगाना के चारला मंडल क्षेत्र के जंगल में जनअदालत लगाकर करने के बाद शव को चेन्नापुरम गांव के पास फेंक दिया था। इससे पूर्व नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर गंगालूर थाना क्षेत्र के पूसनार गांव के गायतापारा के ग्रामीण लांचा पुनेम को भी पुलिस का मुखबीर बताते हुए जनअदालत में बेहरमी से हत्या कर दी थी। वहीं 26 अगस्त को भैरमगढ़ के सीतु माडवी (30), निवासी जैगुर पंचायत पर 2021 से पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में उसकी हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा सप्ताह भर पूर्व भैरमगढ़ क्षेत्र के जप्पेमरका इलाके में नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर ग्रामीण माड़वी सूजा व पोडियामी कोसा पर पुलिस मुखबीरी का आरोप लगाकर उन्हें फांसी की सजा सुनाकर उनकी हत्या कर दी थी। वहीं नक्सलियों ने अगवा किए गए मिरतुर छात्रावास में पढ़ रहे छात्र पोडियामी हिड़मा को चेतावनी देकर जनअदालत से रिहा कर दिया है। इसके बाद शनिवार को शिक्षादूत की हत्या की गई।*

# *छत्तीसगढ़ में सनसनी, शक में शंकालुओं ने किया जघन्य अपराध*

# जादू-टोना विवाद पर हवलदार समेत परिवार के 5 सदस्यों को मार डाला

*कोंटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंडा के एतकल गांव में जादू टोना के शक में मरईगुड़ा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक व उसके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। घटना रविवार सुबह लगभग 12 बजे की है, जब मृतकों व आरोपियों के परिवार के बीच सामाजिक बैठक चल रही थी। इसी दौरान आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए हत्याकांड को अंजाम दिया गया। सामूहिक हत्या के बाद हत्या में संलिप्त पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में और भी आरोपियों के गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जगदलपुर/कोंटा

**जादू टोना कर साल भर पूर्व हुई बच्चे की मौत का आरोप लगाकर सामाजिक बैठक में किया गया नरसंहार**

- सुकमा जिले के कोण्टा थाना क्षेत्र के बण्डा पंचायत के आश्रित ग्राम एतकल की वारदात

जानकारी के मुताबिक एतकल गांव में सुबह सामाजिक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें गांव के प्रमुख लोगों के अलावा दोनों परिवार के सदस्य मौजूद थे। दोनों पक्षों में चर्चा के दौरान आरोप प्रत्यारोप बढ़ गया। उसके बाद एक ही परिवार के तीन महिला व दो पुरुषों की लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। जानकारी के मुताबिक आरोपियों को संदेह था कि साल भर पूर्व परिवार के एक बच्चे की मौत पीड़ित ▶▶|शेष पेज 4 पर



## अंधविश्वास के चलते हत्या

अधंविश्वास व जादू टोना के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई है। मृतकों में पुलिस विभाग के मरईगुड़ा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक भी शामिल है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं जांच के बाद और भी आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है। शव का पोस्टमार्टम कल होगा।

- सुंदरराज पी
आईजी, बस्तर

## इनकी हुई हत्या मामले में पांच आरोपी हिरासत में

सामाजिक बैठक के दौरान जिन पांच लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें दोरला परिवार के मौसम कन्ना पिता लच्छा (60), प्रधान आरक्षक मौसम बुच्चा पिता मौसम कन्ना (34), मौसम बिरी पति मौसम कन्ना, करका लच्छी पति करका लच्छा (43) व मौसम अरजो पति मौसम बुच्चा (32) शामिल हैं। वहीं हत्या में शामिल आरोपी और मृतक एक ही परिवार के हैं। हत्या में शामिल ▶▶|शेष पेज 4 पर

**लाश देख ग्रामीण उबले, गृहमंत्री के क्षेत्र में कानून को खुली चुनौती**

# संदेह में फूंक दिया ग्रामीण का मकान जिंदा जल गया मुखिया, बच्चा भी लापता

- घर के अन्य सदस्यों ने भाग कर बचाई जान
- अब तक 80 से अधिक आरोपी ग्रामीण गिरफ्तार, भारी बल तैनात

गांव में काफी देर तक घुस नहीं पाई पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कबीरधाम जिले के वनांचल थाना क्षेत्र रेंगाखार जंगल के ग्राम लोहारीडीह में रविवार को बड़ा बवाल हो गया। यहां एक ग्रामीण युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए उसी गांव में रहने वाले दूसरे ग्रामीण के घर में आग लगा दी। जिसमें घर के मुखिया की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई। उसका एक बच्चा अभी भी लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के भारी हंगामा व उत्पात के बीच अभी तक लगाभग 80 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। दरअसल यह पूरा बवाल रविवार की सुबह स्थानीय ग्रामीण युवक चमरू साहू की लाश फांसी के फंदे में लटकी मिलने के बाद शुरू ▶▶|शेष पेज 4 पर

## *तगड़ी कार्रवाई करेंगे*

*घटना का पता चला है, जिसने भी कानून को हाथ में लिया होगा, जिसने भी घटना को अंजाम दिया होगा, उनके खिलाफ तगड़ी कार्रवाई होगी।*

*- विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री*

## *गांव छावनी में तब्दील*

*इस घटना के बाद प्रभावित गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक रघुनाथ का मकान काफी बड़ा है और उसमें कई कमरे हैं। आगजनी के बाद इस मकान में एक बड़ा धमाका भी हुआ है, जो संभवतः रसोई गैस सिलेण्डर अथवा किसी और विस्फोटक वस्तु का हो सकता है।*

## *की जाएगी सख्त कार्रवाई*

*घटनास्थल से पुलिस ने एक ग्रामीण का जला हुआ शव बरामद किया है। पूरे घर की तलाशी ली जा रही है कि कहीं आग से कोई और तो हताहत नहीं है। अभी तक इस मामले में लगाभग 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ ठोस कानूनी धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।*

*-डॉ. अभिषेक पल्लव,*
*एसपी, कबीरधाम*

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने वैन को मारी टक्कर छह तीर्थयात्रियों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को टक्कर मार दी। इससे छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। हादसे में तीन घायल हो गए। मप्र के देवास जिले के नौ तीर्थयात्री राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे। तभी बूंदी में सुबह करीब पांच बजे यह दुर्घटना हुई।

### वैन-कार की टक्कर पांच की गई जान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में रविवार को एक वैन और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह शिंदखेड़ा तालुका के दासवेल फाटा में हुआ। एक वैन के एक कार से टकरा जाने से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

**हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

# रिटायरमेंट में एक साल तो नहीं होगा तबादला



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बिलासपुर


छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक बड़े फैसले में कहा है कि अगर किसी अधिकारी व कर्मचारी का रिटायरमेंट में एक साल की अवधि शेष है, तो उनका अन्यत्र तबादला नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कोरबा नगर निगम के ईई अरुण शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। दरअसल इंजीनियर अरुण शर्मा के रिटायरमेंट में पांच महीने का समय शेष है। शासन द्वारा तय पालिसी का हवाला देते ▶▶|शेष पेज 4 पर

### तबादला नीति का उल्लंघन किया गया

याचिका के अनुसार राज्य शासन ने अपनी ही बनाई तबादला नीति का उनके मामले में उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ता इंजीनियर ने बताया कि उनके रिटायरमेंट में पांच महीने का ही समय शेष है। यह जानते हुए भी विभागीय अफसरों ने तबादला कर दिया है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए याचिकाकर्ता को रिटायरमेंट तक कोरबा ▶▶|शेष पेज 4 पर

**5 घंटे तक विमान में फंसे रहे 300 यात्री**

# इंडिगो की मुंबई-दोहा फ्लाइट तकनीकी खराबी के बाद रद्द



एजेंसी ▶▶|मुंबई

मुंबई से दोहा जाने वाली 'इंडिगो' की एक उड़ान के यात्रियों को रविवार को विमान के अंदर पांच घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में देरी हुई। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत की कि उन्हें उड़ान में देरी के कारण काफी देर तक विमान में ही इंतजार करना पड़ा। इस विमान को रविवार तड़के उड़ान भरनी थी। सूत्रों ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एक-दो बार टेक ऑफ की कोशिश

असुविधा के लिए खेद जताते हुए 'इंडिगो' ने कहा कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। एक-दो बार टेक ऑफ की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसलिए हमने फ्लाइट कैंसिल कर दी है। अगली फ्लाइट के लिए री-बुकिंग की जा रही है। एयरपोर्ट पर हमारी टीम ने यात्रियों को खाने-पीने की चीजें मुहैया कराईं और हर जरूरत मदद की। पैसेंजर्स के लिए होटल बुक कराए जा रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री कुमार स्वामी आज छत्तीसगढ़ दौरे पर



रायपुर। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी 16 सितंबर को बेंगलुरु से बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर पहुंचेंगे। वे बहुचर्चित नगरनार स्टील प्लांट का अवलोकन करने के बाद शाम को जगदलपुर से रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे भिलाई रवाना होंगे। 17 सितंबर को भिलाई स्टील प्लांट का अवलोकन करने के बाद वे रायपुर एयरपोर्ट आकर नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# सीबीआई रिमांड पर पूर्व प्राचार्य-थाना प्रभारी

एजेंसी ▶▶|कोलकाता

- कोलकाता रेप-मर्डर केस

आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को 17 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। घोष और मंडल दोनों को इस सरकारी अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के सिलसिले में ▶▶|शेष पेज 4 पर



### जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन

कोलकाता के साल्ट लेक में राज्य स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय के बाहर जूनियर डॉक्टरों का धरना-प्रदर्शन बारिश के बावजूद लगातार छठे दिन भी जारी रहा।

### पूछताछ के बाद किया था गिरफ्तार

सीबीआई अधिकारियों द्वारा शनिवार को पूछताछ किए जाने के दौरान 'संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने' के बाद थाना प्रभारी को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि इसमें बड़ी साजिश हो सकती है। घोष तथा मंडल दोनों ने इस अपराध में महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई थी। एजेंसी ने कहा कि मंडल को डॉक्टर की मौत के बारे में नौ अगस्त को सुबह करीब 10 बजे सूचना दी गई, लेकिन प्राथमिकी रात करीब 11 बजे दर्ज की गई।




**भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने टूटे हाथ के साथ खेला फाइनल**

# हड्डी टूटी, हौसला नहीं, सिर्फ 1 सेमी से चूकी ट्रॉफी




एजेंसी ▶▶|ब्रसेल्स

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शनिवार की देर रात अपना गजब का जज्बा दिखाया। वो टूटे हाथ के साथ डायमंड लीग फाइनल में उतरे और दूसरे स्थान पर रहे। नीरज डायमंड ट्रॉफी जीतने से चूक गए। हाथ टूटने वाली बात का खुलासा खुद नीरज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया है। फाइनल मुकाबले में नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 87.86 दूर जैवलिन फेंका। ग्रेनाडा के एंडरसन ▶▶|शेष पेज 4 पर



**ग्रोइन की चोट से परेशान**

नीरज चोपड़ा इस सत्र में अपनी फिटनेस से जूझते रहे। संभावना है कि वह ग्रोइन की चोट के इलाज के लिए डॉक्टर से मिलेंगे। इस चोट ने पूरे सत्र में उन्हें प्रभावित किया है। यह चोट 90 मीटर का थ्रो करने के उनके प्रयास में बाधा बनी है।

### लेफ्ट हैंड की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर

नीरज ने लिखा, जैसे-जैसे 2024 का सीजन समाप्त हो रहा है, मैं उन सब चीजों को याद कर रहा हूं जो मैंने साल भर में सीखा है जिसमें सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ है। 9 सितंबर को प्रैक्टिस के दौरान मुझे चोट लगी थी और एक्स-रे से पता चला कि मेरे लेफ्ट हैंड की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है। यह एक और दर्दनाक चुनौती थी, मगर अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेने में सफल हो सका।

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने देश में सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को विशिष्ट पहचान देने का फैसला किया है। इसके लिए एनएमसी ने पोर्टल भी लॉन्च कर दिया है, जिस पर सभी पात्र एमबीबीएस डॉक्टर्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) एक डेटाबेस है, जहां सभी पंजीकृत डॉक्टर्स का रजिस्ट्रेशन होगा। आधार आईडी से डॉक्टर्स की प्रमाणिकता, जिसमें उनकी प्रामाणिकता आधार आईडी द्वारा सत्यापित की जाएगी।*

## देश में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए अब यह होगा जरूरी

# सभी डॉक्टर्स के पास होगी यूनिक आईडी, शुरू हुआ पंजीकरण

## एनएमसी ने पोर्टल भी कर दिया है लॉन्च

एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) ने हाल ही में एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि 'भारतीय चिकित्सा रजिस्टर (आईएमआर) पर पंजीकृत सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को एनएमआर पर फिर से पंजीकरण करना होगा। सभी मेडिकल कॉलेज/संस्थान, राज्य चिकित्सा परिषद (एसएमसी) पोर्टल पर आपस में जुड़े हुए हैं।' नोटिस में कहा गया है कि कुछ डेटा आम लोगों को दिखाई देंगे और अन्य केवल एनएमसी, एसएमसी, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) और चिकित्सा संस्थानों और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (ईएमआरबी) को ही दिखाई देंगे।

### सभी एमबीबीएस डॉक्टर्स को कराना होगा पंजीकरण



### ऐसी होगी पंजीकरण प्रक्रिया

पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के लिए, डॉक्टर्स को अपने आधार आईडी, अपने एमबीबीएस डिग्री प्रमाण पत्र की एक डिजिटल कॉपी और राज्य चिकित्सा परिषद/भारतीय चिकित्सा परिषद के पंजीकरण प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। पंजीकरण और योग्यता जैसे अतिरिक्त विवरण मैन्युअल रूप से दर्ज किए जा सकते हैं। इसके बाद, आवेदन स्वचालित रूप से सत्यापन के लिए संबंधित एसएमसी (स्टेट मेडिकल कमीशन) को भेज दिया जाता है। एसएमसी फिर आवेदन को आगे की समीक्षा के लिए संबंधित कॉलेज या संस्थान को भेज देगा। सफल सत्यापन के बाद, आवेदन एनएमसी को भेज दिया जाता है। एनएमसी द्वारा सत्यापन के बाद, एक एनएमआर आईडी जारी की जाएगी। नोटिस में कहा गया है कि इस प्रक्रिया के दौरान, डॉक्टर हेल्थकेयर प्रदाता रजिस्ट्री में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं, जो उन्हें डिजिटल हेल्थकेयर इकोसिस्टम से जोड़ेगा। इस पोर्टल के माध्यम से, एसएमसी और शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी हितधारक एक ही मंच से लॉग इन और आवेदनों को सत्यापित कर सकते हैं।

### व्यापक डेटा होगा तैयार

एक अधिकारी ने बताया कि 'देश में व्यापक डेटा की कमी थी जो देश में कुल डॉक्टरों की संख्या, देश छोड़ने वाले डॉक्टर्स, प्रैक्टिस करने के लिए अपना लाइसेंस खोने वाले डॉक्टर्स या अपनी जान गंवाने वाले डॉक्टरों की संख्या और विवरण जैसे पहलुओं की विस्तृत और समग्र तस्वीर प्रदान कर सके। एनएमआर के लॉन्च से इसके 13 लाख से अधिक डॉक्टरों का डेटा सुनिश्चित होगा।' राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) पोर्टल का उद्घाटन 23 अगस्त को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने किया था। नड्डा ने कहा था, 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य रजिस्टर एक बहुप्रतीक्षित कदम है जो डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा और भारत के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करेगा।'


## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह : सीएम शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच सीएम एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संभावना जताई कि राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरण में मतदान कराना बेहतर होगा। चुनाव के लिए सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों के बीच आठ से दस दिन में सीटों का बंटवारा कर दिया जाएगा।

### साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में पुलिस ने 'क्रेडिट कार्ड' की सीमा बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मुख्य रूप से बिहार में सक्रिय थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लोगों को क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा देकर धोखा देने के अलावा आरोपी मोबाइल टावर लगवाने, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, पतंजलि की दुकान खुलवाने आदि के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में शामिल थे।

### 'इंग्लिश चैनल' पार करते वक्त आठ की मौत


**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस से 'इंग्लिश चैनल' पार करने की कोशिश करते समय कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी समुद्री प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को आधी रात से ठीक पहले उस समय हुई, जब प्राधिकारियों ने उत्तरी शहर एम्बलेट्यूस में एक समुद्र तट के पास एक नौका को संकट में देखा, जिसमें दर्जनों लोग सवार थे। बयान में कहा गया, 'तत्काल मदद मुहैया कराए जाने के बावजूद आठ लोगों की मौत हो गई।'

## जमशेदपुर की चुनावी सभा में बरसे प्रधानमंत्री मोदी

# झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी... झारखंड के दुश्मन, जितनी जल्दी पहचानेंगे, उतनी ही जल्दी होगा भाग्योदय

एजेंसी ▸▸| जमशेदपुर

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में सत्तारूढ़ गठबंधन पर रविवार को जमकर हमला बोला. जमशेदपुर में उन्होंने कहा कि झारखंड के 3 सबसे बड़े दुश्मन हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस। इन दुश्मनों को झारखंड के लोग जितनी जल्दी पहचान लेंगे, उतना झारखंड का भाग्योदय उतना ही जल्दी सुनिश्चित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैं झारखंड आया था। तब देश में बड़े-बड़े झूठ, बड़ी-बड़ी अफवाहें, झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतों पर आपका आशीर्वाद भारी पड़ा। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा मोदी पर है। मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। इस भरोसे को कायम रखने के लिए मोदी कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेगा।



### कांग्रेस को झारखंड से नफरत

मोदी ने कहा कि कांग्रेस को झारखंड से नफरत है। उसने कितने दशक तक दिल्ली में बैठकर देश पर राज किया। इन्होंने देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। पीएम ने कहा कि ये लोग स्वार्थ और सत्ता में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये जेएमएम वाले, जिन्होंने आपके वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं। उन लोगों के साथ खड़े हैं, जो आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं।

### सबसे बड़ा मुद्दा घुसपैठ

इस समय झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा घुसपैठ है। यह हर झारखंडी के लिए चिंता का विषय है। जवान बेटियों के हर मां-बाप के लिए चिंता का विषय है। पीएम ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने घुसपैठ पर एक आदेश दिया, लेकिन झारखंड सरकार मानने को तैयार नहीं है कि झारखंड में घुसपैठ हो रही है। पीएम ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की घुसपैठ बहुत बड़ा खतरा है। यहां की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से कम हो रही है। यहां के लोगों की जमीनें हड़पी जा रहीं हैं। घुसपैठिये पंचायतों में व्यवस्था पर कब्जा कर रहे हैं। बेटियों के साथ अत्याचार की वारदातें बढ़ रहीं हैं।

### मजहब के नाम पर वोट बैंक बनाते हैं कांग्रेस और जेएमएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें एक बात साफ-साफ समझनी होगी कि जेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है। हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इसके लिए झारखंड के हर एक नागरिक को एकजुट होना होगा। भाजपा को मजबूत करना होगा।

**महिलाओं को पैसे देने के नाम पर गरीबों को बहला रहे :** पीएम मोदी ने कहा कि अब ये लोग महिलाओं को पैसे देने के नाम पर गरीबों को बहलाने के लिए नए-नए तिकड़म लगा रहे हैं। ऐसे धोखेबाजों को आपको सरकार से बाहर निकालना है। पीएम ने कहा कि वादे करना और उसे पूरे करना सिर्फ भाजपा का काम है। हमारी सरकार ने 3 करोड़ गरीबों को पक्का मकान देने का वादा किया है। हम हर घर तक जल पहुंचा रहे हैं। छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि दे रहे हैं।

**खजाना लूटने वालों का हिसाब करने आपका साथ चाहिए :** पीएम मोदी ने कहा कि ये भ्रष्टाचार करने वाले, आपके धन को लूटने वाले, देश के खजाने को लूटने वाले, झारखंड के खजाने को लूटने वालों की पाई-पाई का हिसाब करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आपका साथ चाहिए। यहां कोयला से लेकर बालू तक की लूट हो रही है।

## हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता विज ने कहा

# 'पार्टी से आज तक कुछ नहीं मांगा लेकिन इस बार सीएम पद का दावा करूंगा'

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा में बीजेपी नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है लेकिन राज्य में बीजेपी के सीनियर नेता अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक दिया है। उन्होंने न्यूज चैनल से बातचीत में कहा, मैं हरियाणा में बीजेपी का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं। मैं छह बार चुनाव लड़ चुका हूं और जीत चुका हूं। मैं सातवीं बार चुनाव लड़ रहा हूं। "मैंने आज तक अपनी पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा है परंतु इस बार सारे हरियाणा प्रदेश की जनता के कहने पर मुझे बहुत लोग आकर मिल रहे हैं और अंबाला कैंट की जनता के कहने पर मैं इस बार अपनी वरिष्ठता के दम पर मैं मुख्यमंत्री पद का दावा करूंगा। बनाना या न बनाना ये हाई कमान का काम है लेकिन अगर मुझे बनाते हैं तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा। मैं हरियाणा की तस्वीर बदल दूंगा।

### 2014 में थे दावेदार

आपको बता दें कि जब 2014 में बीजेपी पहली बार अपने बल पर हरियाणा में सत्ता में आई थी, तो अनिल विज, रामबिलास शर्मा सहित कुछ अन्य बीजेपी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री पद की दौड़ मं आगे थे, लेकिन पार्टी ने उस समय पहली बार विधायक बने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया था।

### प्रधान की दो टूक, सैनी ही सीएम उम्मीदवार

करनाल पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विज की दावेदारी पर सवाल करने पर कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता यह कह सकता है, लेकिन हरियाणा में सीएम पद का चेहरा नायब सिंह सैनी है। कुरुक्षेत्र रैली में प्रधानमंत्री द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का नाम नहीं लिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा की मनोहर लाल केंद्रीय राजनीति कर रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता हैं। बता दें, हरियाणा में 5 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

## हरियाणा में किसानों की महापंचायत

# पंजाब से भी बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, पुलिस ने सील किए बॉर्डर

एजेंसी ▸▸| जींद

हरियाणा में आज किसानों की महापंचायत हो रही है। जींद के उचाना की अतिरिक्त अनाजमंडी में यह महापंचायत किसान आंदोलन को लेकर हो रही है। महापंचायत में किसानों का भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने का प्रयास है। महापंचायत में बड़ी संख्या में हरियाणा और पंजाब के किसान शामिल हुए हैं। इससे पहले ही पुलिस ने रात को दाता सिंह वाला बॉर्डर के आसपास से निकलने वाले सभी रास्ते भी बंद कर दिए थे। वहीं कैथल की तरफ से बैरिकेड्स लगाकर रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया है। वहीं, इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के युवा किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि पुलिस कितने भी रास्ते रोक ले, लेकिन किसान महापंचायत में जरूर पहुंचेंगे। किसी भी सूरत में किसानों का जत्था नहीं रुकेगा। यदि किसानों को जबरदस्ती रोकने की कोशिश की तो वहीं पर किसान धरना लगाकर बैठ जाएंगे।



### किसानों ने नहीं ली अनुमति

वहीं उचाना थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि महांपचायत के लिए किसानों का अनुमति लेनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक कोई भी अनुमति नहीं ली गई है। उच्च अधिकारियों के आदेश पर बॉर्डर सील किया गया है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसानों ने इससे पहले शनिवार को भी बैठक करके महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति बनाई थी। किसानों का उद्देश्य है कि किसी तरीके से किसानों, मजदूरों व अन्य वर्ग के लोगों को एकजुट करके भाजपा के खिलाफ किया जाए।

# सजा माफ कराने के लिए झूठे बयान दे रहे अधिवक्ता

### सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा- हमारा विश्वास हिल गया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दोषियों की सजा माफी और समय से पहले रिहाई कराने के लिए अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में झूठे बयान दे रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। इससे हमारा विश्वास हिल गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पिछले तीन हफ्तों में उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं जहां दलीलों में गलत बयान दिए गए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अदालत में सजा में छूट न दिए जाने की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा-सातवां मामला हमारे सामने आया है, जिसमें दलीलों में गलत बयान दिए गए हैं।



### रिट याचिका में गलत बयान

पीठ ने कहा कि हमारा सिस्टम विश्वास पर काम करता है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब हमारे सामने इस तरह के मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले में छूट की मांग के लिए दायर रिट याचिका में न केवल गलत बयान दिए गए हैं, बल्कि अदालत के समक्ष एक गलत बयान दिया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के तत्कालीन एडवोकेट ने जेल अधिकारियों को संबोधित 15 जुलाई, 2024 के ईमेल में झूठे बयान दोहराए। वकील इस स्थिति से अवगत थे, लेकिन 19 जुलाई, 2024 को एक गलत बयान दिया गया कि सभी याचिकाकर्ताओं सजा की अवधि समाप्त नहीं हुई है।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति को मारने की साजिश

# अमेरिका, स्पेन, चेक के 6 नागरिक गिरफ्तार



**काराकस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की कथित तौर पर हत्या करने के लिए देश में दाखिल हुए छह विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। देश के आंतरिक मामलों के मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने सरकारी टेलीविजन पर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विदेशी नागरिक वेनेजुएला की सरकार को उखाड़ फेंकने और कई मंत्रियों की हत्या करने की सीआईए की साजिश का हिस्सा थे। अपने संबोधन में कैबेलो ने कुछ राइफल की तस्वीरें दिखाईं और कहा कि ये हथियार साजिशकर्ताओं के पास से बरामद किए गए हैं।

### आरोपियों में दो स्पेनी नागरिक

आरोप है कि अमेरिका के तीन, स्पेन के दो और चेक गणराज्य का एक नागरिक मादुरो की हत्या करने के लिए इस दक्षिण अमेरिकी देश में आये थे। गिरफ्तार किए गए अमेरिकी नागरिकों में नौसेना का एक सदस्य भी शामिल है जिसकी पहचान कैबेलो ने विल्बर्ट जोसेफ कास्टानेडा गोमेज के रूप में की। कैबेलो ने कहा कि गोमेज नौसेना सील कमांडो का हिस्सा था और उसने अफगानिस्तान, इराक तथा कोलंबिया में सेवाएं दी थी।

### स्पेन की सफाई

स्पेन के विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि स्पेन दक्षिण अमेरिकी देश को राजनीतिक रूप से अस्थिर करने की किसी भी योजना में शामिल नहीं था। सूत्र ने कहा, 'स्पेन वेनेजुएला में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के किसी भी अभियान में शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से नकारता है। सरकार ने पुष्टि की है कि हिरासत में लिए गए लोग राष्ट्रीय खुफिया केंद्र या किसी राज्य संगठन का हिस्सा नहीं हैं। स्पेन वेनेजुएला की स्थिति के लिए एक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता है।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
सोमवार, 16 सितंबर 2024
भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 61
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.9
न्यून. 24.8




# दुर्ग से 130 की रफ्तार से दौड़ेगी वंदे भारत, पत्थरबाजों से बचाने आरपीएफ के 30 दल करेंगे ट्रेन की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस पटरी पर दौड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज शाम 4 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रायपुर स्टेशन पर फूलों के साथ ट्रेन का भव्य स्वागत किया जाएगा। रायपुर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ आज

### दुल्हन की तरह सजेगी वंदे भारत

पहले परिचालन से पूर्व ही ट्रेन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। ट्रेन के कोच में विशेष सजावट यात्रियों को देखने को मिलेगी। रेलवे के अधिकारी यात्रियों को ट्रेन की आधुनिक सुविधाओं से अवगत कराएंगे। गाड़ी संख्या 20829/20830 दुर्ग-विशाखापट्टनम-दुर्ग ▶▶|शेष पेज 4 पर



### आउटर में आरपीएफ जवान करेंगे निगरानी

बीते दिनों ट्रेन पर पथराव की घटना के बाद रेलवे ने परिचालन के पहले दिन ही सुरक्षा व्यवस्था को और भी दुरुस्त कर दिया है। आरपीएफ के कमांडेंट रमन कुमार ने बताया कि लखोली स्टेशन तक जवानों के ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पीएम ने छह वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी



रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची में रविवार को डिजिटल माध्यम से झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री का टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री ने दी सौगात**

### पहली 'वंदे मेट्रो' को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपने गुजरात दौरे के दौरान भुज और अहमदाबाद के बीच देश की पहली 'वंदे मेट्रो' ट्रेन के साथ-साथ कई अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री के अन्य कार्यक्रमों में गांधीनगर में 'री-इन्वेस्ट 2024' की शुरुआत और अहमदाबाद में 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास शामिल है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बीमा पर टैक्स घटाने मंत्री समूह गठित

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों पर जीएसटी दर का सुझाव देने 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह का गठन किया।



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संयोजक हैं। इसमें यूपी, राजस्थान, प.बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के सदस्य हैं।

### दीपिका पादुकोण को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को मुंबई के एक निजी अस्पताल में बेटी को जन्म देने के



एक सप्ताह बाद रविवार को छुट्टी दे दी गई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह आठ सितंबर को एक बच्ची के माता-पिता बने। दीपिका और रणवीर की कार रविवार दोपहर को अस्पताल से बाहर निकलती हुई नजर आई।

### फर्जी वीजा गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इसमें



शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट और फर्जी शेंगेन वीजा बरामद किए हैं।

### यात्रा के दौरान इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस के निरीक्षक अनुराग शर्मा (36) की लखनऊ से प्रयागराज आते समय



रोडवेज की बस में हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सहारनपुर के निवासी अनुराग शर्मा का हाल ही में प्रयागराज से लखनऊ स्थानांतरण हुआ था और वह छुट्टी लेकर बस से प्रयागराज आ रहे थे।

### बहू की हत्या कर ससुर ने की आत्महत्या

**बांदा।** महोबा जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी बहू की कथित रूप से हत्या करने



के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के चौका गांव में शनिवार को रवि कुशवाहा की पत्नी माया देवी (32) का खून से लथपथ शव उसके घर के अंदर चारपाई पर मिला और उसके गले पर घाव के गहरे निशान थे।

जेल से बाहर आने के बाद आप कार्यालय पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री

# केजरीवाल ने कहा- दो दिन बाद सीएम पद से दे दूंगा इस्तीफा, भाजपा बोली-सियासी ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक लोग उन्हें 'ईमानदारी का प्रमाणपत्र' नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।*

आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टीके विधायकों की बैठक होगी। पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। उन्होंने कहा, दिल्ली में फरवरी में चुनाव होने हैं लेकिन मैं नवंबर में महाराष्ट्र के साथ राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव कराने की मांग करता हूं। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठूंगा, जब लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाणपत्र देंगे। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री और सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे, जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। केजरीवाल ने भाजपा पर उन्हें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भगवा पार्टी लोगों को अच्छे स्कूल और मुफ्त बिजली नहीं दे सकती क्योंकि वे भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा, हम ईमानदार हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, वे गैर-भाजपा राज्यों के मुख्यमंत्रियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करते हैं। अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है, तो मैं उनसे आग्रह करता हूं कि वे इस्तीफा न दें बल्कि जेल से सरकार चलाएं। केजरीवाल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जेल के दिनों की बताई बात

जेल में बिताए गए समय के बारे में केजरीवाल ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह द्वारा अंग्रेजी शासन की कैद में रहते हुए लिखे गए पत्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मैंने तिहाड़ से उपराज्यपाल को केवल एक पत्र लिखा और मुझे चेतावनी जारी कर दी गई। उन्होंने कहा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को अपने सहकर्मियों से मिलने की अनुमति थी, लेकिन मेरे पार्टी सहयोगी संदीप पाठक को जेल में मुझसे मिलने की अनुमति नहीं थी।

- नवंबर में महाराष्ट्र के साथ दिल्ली चुनाव कराने की मांग रखी
- आप विधायकों की बैठक में चुना जाएगा नया सीएम



### जेल में हैं सत्येंद्र और अमानतुल्लाह

केजरीवाल ने कहा, मेरे लिए भाजपा नहीं बल्कि लोग महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 'आप' कार्यकर्ताओं से कहा, हमारे नेता सत्येंद्र जैन और अमानतुल्ला खान अब भी जेल में हैं। मुझे उम्मीद है कि वे जल्द ही बाहर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं, जिसने मुश्किलों के दौरान उनका साथ दिया।


### भाजपा ने बताया पीआर स्टंट

उधर, अरविंद केजरीवाल की मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा को भाजपा ने पीआर स्टंट बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि केजरीवाल का निर्णय दिल्ली के मतदाताओं के बीच अपनी छवि बचाने की कोशिश है, क्योंकि जनता अब उन्हें भ्रष्ट नेता के रूप में देखते हैं। भंडारी ने बताया, यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है। उन्हें समझ आ गया है कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की है। आज पूरे देश में आम आदमी पार्टी एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है। अपने पीआर स्टंट के तहत, वह अपनी छवि बहाल करना चाहते हैं।

### आप ने कहा- अग्निपरीक्षा

आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी का नया मानदंड स्थापित किया है। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि केजरीवाल ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। वह जनता के बीच में जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि आप देखिएगा दिल्ली की आम जनता केजरीवाल की ईमानदारी पर मुहर लगाएगी और काम के नाम पर केजरीवाल को फिर चुनेगी।

## गणेश पंडाल की तेज आवाज पर विवाद, फिर बुजुर्ग ने लगा ली फांसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गणेश पंडाल में बज रहे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से त्रस्त हथखोज भिलाई निवासी एक बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम धन्नूलाल साहू है। उसने शनिवार की देर रात करीब दो बजे अपने घर में फांसी लगा ली। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में साउंड सिस्टम से जुड़े दो लोगों का जिक्र किया है। दोनों ▶▶|शेष पेज 4 पर

- सुसाइडल नोट में किया मृतक ने साउंड सिस्टम के दो लोगों का जिक्र

### मिला सुसाइड नोट

धन्नूलाल के पास एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ, जिसमें उल्लेख है कि गौरव उर्फ गोल्डी वर्मा से प्रताड़ित होकर उसके द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाया गया। उसके परिवार का कोई दोष नहीं है, उन्हें परेशान ना किया जाए। सीएसपी पाटिल ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। इसके बाद दोषी के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।

### दोनों पक्षों में हुआ विवाद

पुलिस के मुताबिक पुलिस के जाने के बाद दोनों ही पक्षों के मध्य फिर से विवाद शुरू हो गया। दोनों ही पक्ष एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने देर रात पुरानी भिलाई तीन थाना पहुंच गए। पुलिस द्वारा समझाने बुझाने के बाद दोनों ही पक्ष के द्वारा बिना रिपोर्ट द्वारा दर्ज कराए गांव लौट गए। तब तक करीब रात्रि के दो बज चुके थे। देर रात्रि होने के कारण सभी अपने-अपने घर सोने चले गए। रविवार की सुबह धन्नूलाल साहू की पत्नी ने अपने बड़े पुत्र नेतराम से पिता के संबंध में पूछताछ की। खोजबीन करने पर परिजनों को अपने घर के स्टोर रूम में धन्नूलाल की लाश लटकी मिली। पुरानी भिलाई पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने घर पहुंच कर जांच शुरू की।

फैक्ट्री में हो रही थी गलाने की कोशिश

## किताब पर बवाल, लाखों किताबें कर दी रद्दी के हवाले, फैक्ट्री में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा स्कूलों में निशुल्क वितरण के लिए बांटी जाने वाली किताबों को लेकर बवाल हो गया है। पापुनि ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए इतनी अधिक संख्या में किताबें छाप दीं कि उन्हें रद्दी के हवाले करना पड़ा।

सिलयारी की एक फैक्ट्री में लाखों की संख्या में किताबों को गलाते हुए पकड़े जाने के बाद यह मामला सामने आया है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय द्वारा यहां छापा मारे जाने के बाद विवाद बढ़ गया और कांग्रेस नेता यहां देर रात तक धरने पर बैठ ▶▶|शेष पेज 4 पर



- गलाई जा रही पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा सत्र 2024-25 के लिए प्रकाशित किताबें

### 10 प्रतिशत संख्या बढ़ाकर होती है छपाई

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष छात्रों की संख्या पापुनि को भेजी जाती है। चूंकि छात्र प्रवेश जुलाई माह में लेते हैं और किताब प्रकाशन की प्रक्रिया इसके पूर्व दिसंबर-जनवरी में ही शुरु हो जाती है, इसलिए प्रतिवर्ष बीते सत्र में प्रवेशित छात्रों की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गल चुकी किताबें

जब हम आए तो किताबें गलाई जा रही थीं। कितनी किताबें पूर्व में गलाई जा चुकी हैं, इसका कोई ब्योरा नहीं है। सभी किताबें वर्तमान सत्र की हैं।
- विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक

### घोटाले की आशंका

इतनी बड़ी संख्या में अतिरिक्त किताबों की छपाई सामान्यत: नहीं की जाती है। किताबों की संख्या देखकर किसी घोटाले की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। - उधो वर्मा
कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष

एलन मस्क ने रचा इतिहास, निजी अंतरिक्ष मिशन सफल

## अंतरिक्ष की सैर कर धरती पर लौटे आइजैकमैन

एजेंसी ▶▶| केप केनवरल

अरबपति प्रौद्योगिकी उद्यमी जेरेड आइजैकमैन अपने साथियों के साथ पांच दिन की अंतरिक्ष की सैर करके रविवार को धरती पर लौट आए। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। यह पहला निजी अंतरिक्ष मिशन था, जिसने सफलता हासिल की है। चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर गया इस कंपनी के पोलारिस डॉन क्रू ने सफल वापसी की है।

'स्पेसएक्स' का 'ड्रैगन' नामक एक यान आइजैकमैन, स्पेसएक्स के दो इंजीनियरों और वायुसेना के पूर्व पायलट को ▶▶|शेष पेज 4 पर



### 50 साल तक नहीं पहुंचा था कोई अंतरिक्ष यात्री

इनकी यात्रा इसलिए भी खतरनाक थी क्योंकि यह उस जगह तक गए थे, जहां पिछले 50 साल में कोई अंतरिक्ष यात्री नहीं गया था। यह लोग ऑर्बिट में 1408.1 किमी दूरी तक गए थे। यह दूरी अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से भी अधिक गहराई में स्थित है।

### वापसी रही चैलेंजिंग

इस मिशन का सबसे बड़ा चैलेंज था इसकी वापसी। स्पेसक्राफ्ट ने धरती के वायुमंडल में जब प्रवेश किया तो उसकी रफ्तार करीब 27000 किमी प्रति घंटे थी। हवा से टकराहट के बाद तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। हालांकि स्पेसक्राफ्ट के नीचे लगी चार मीटर चौड़ी हीटशील्ड ने इसको बचाए रखा। नीचे आने के साथ इसकी रफ्तार पर काबू पाया गया। आखिर में पैराशूट खोले गए और पानी में लैंड कराया गया। एस्ट्रोनॉट्स को बाहर निकालने से पहले बचाव दल ने परीक्षण किए और उन्हें जमीन पर ले गए।




## चिंतन

# केजरीवाल के इस्तीफे के पीछे खास रणनीति तो नहीं

देर से ही सही आखिरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पद छोड़ने का ऐलान कर ही दिया। दो दिन पहले जेल से जमानत पर बाहर आए बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे दो दिन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे और दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया मुख्यमंत्री चुना जाएगा। वैसे भी दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से जमानत पर बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वो मुख्यमंत्री ऑफिस नहीं जाएंगे और न ही किसी फाइल पर साइन करेंगे। यानी जेल से बाहर आने और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके पास पावर नहीं है। सरकार कैबिनेट भरोसे चल रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी केजरीवाल जेल से बाहर आए थे, तब भी यही शर्तें थी। ऐसी में दिल्ली की व्यवस्था पटरी से उतर रही थी। अगर सरकार प्रभावी न हो तो प्रशासन लापरवाह हो जाता है। राजधानी दिल्ली में बीते 177 दिनों में इसका नजारा साफ दिखाई दिया। सरकारी स्तर पर अनेक कार्य लटके हुए थे। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा था। असल में जिस दिन से दिल्ली में आप की सरकार बनी है, उसका केंद्र सरकार से टकराव जगजाहिर है। दोनों एक दूसरें को घेरने के प्रयास में रहते हैं। जिससे न केवल दिल्ली सियासी मैदान बन गई है बल्कि जनता से जुड़े अनेक मसले अदालतों की फाइलों में घूम रहे हैं। अब केजरीवाल ने इस्तीफे का ऐलान करके नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। माना जा रहा है कि विधायक दल की बैठक में आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से किसी एक को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। क्योंकि केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के साथ-साथ यह भी ऐलान कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी किसी पद पर नहीं रहेंगे। इस ऐलान के पीछे अरविंद केजरीवाल की खास रणनीति भी देखी जा रही है। पांच अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। वहां आप ने सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। केजरीवाल का पूरा फोकस अब हरियाणा में चुनाव प्रचार पर होगा। जम्मू-कश्मीर में भी आप विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ रही है। केजरीवाल वहां भी प्रचार की कमान संभालेंगे। असल में केजरीवाल मुख्यमंत्री पद के दबाव से मुक्त होकर खुद को पूरे देश में स्थापित करने का प्रयास करेंगे। वैसे भी दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है। यानी सरकार के पास चुनाव में जाने के सिर्फ 5 महीने ही बचे हैं। इस दौरान सरकारें लोकलुभावन चुनावी फैसले लेती हैं। केजरीवाल कोर्ट की शर्तों में बंधे हैं। जेल से छूटने के बाद केजरीवाल के साथ सिंपथी है। दो-तीन महीने पहले दिल्ली में चुनाव की मांग कर केजरीवाल इस सिंपथी को भुनाना चाहेंगे। दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे थे। केजरीवाल अब भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब देंगे कि मैंने तो इस्तीफा दे दिया। वे अपने इस्तीफे का प्रचार केवल दिल्ली ही नहीं पूरे देश में करने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। इशारा साफ है कि उनकी नजर पांच माह बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव पर है। वो किसी भी तरह से दिल्ली के लोगों को प्रभावित करके एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने की तैयारी में है। अब देखना होगा कि दिल्ली की जनता उनके इस्तीफे को किस रूप में लेती है।



योजना
प्रो. महेश चंद गुप्ता

# बुजुर्गों के मुफ्त इलाज का फैसला सही

> इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि बहुत से बुजुर्गों के पास इलाज के लिए आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे सही समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में, सरकार द्वारा उनके मुफ्त इलाज की दिशा में बढ़ाए इस कदम को परिहार्य पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। इस फैसले से देश के वंचित, शोषित, दलित वर्ग और ग्रामीण परिवेश के बुजुर्गों को सर्वाधिक राहत मिलेगी। अधिकांश बुजुर्गों की आय सीमित अथवा नगण्य होती है और उनके लिए बीमार होने पर इलाज करा पाना एक बड़ी चुनौती व चिंता का विषय होता है। आर्थिक रूप से परेशान बुजुर्गों को जब शारीरिक व्याधियां घेरती हैं तो मानसिक समस्याएं भी दस्तक देने लगती हैं।

केंद्र सरकार ने 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज कराने का जो फैसला लिया है, वह दूरगामी फैसला है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। यह एक ऐसा फैसला है, जिसकी वास्तव में जरूरत थी और अगर इसका यथार्थ के धरातल पर सुचारू क्रियान्वयन हो जाता है तो यह निर्णय बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को नई दिशा देने वाला साबित होगा। यह निर्णय हर लिहाज से महत्वपूर्ण है और इससे बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील सोच के बारे में पता चलता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में इस बारे में वादा किया था, जिसे पूरा कर दिया गया है। सरकार ने इस फैसले के तहत 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा देना तय किया है। इसके तहत हर साल पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में कराया जा सकेगा। माना जा रहा है कि इस योजना के दायरे में देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार शामिल होंगे और छह करोड़ बुजुर्ग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इस फैसले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, उन्हें इस योजना के दायरे में लाया गया है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि शुरुआत में इस योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

यह भी सराहनीय है कि जो परिवार पहले से आयुष्मान योजना के दायरे में हैं, उन परिवारों के 70 साल पार के बुजुर्गों के लिए हर साल 5 लाख तक का एडिशनल कवर मिलेगा। इसका इस्तेमाल परिवार के अन्य लोग नहीं कर सकेंगे। कई लोगों को यह फैसला मुफ्त की रेवड़ी लग सकता है लेकिन भारत में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के दृष्टिगत यह फैसला सचमुच कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुकूल है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु) की जनसंख्या 10.38 करोड़ है। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार 2026 में देश में 60 वर्ष से ऊपर वाले वरिष्ठ नागरिकों की अनुमानित जनसंख्या 17.32 करोड़ होने की उम्मीद है। जिस प्रकार बुजुर्गों की जनसंख्या बढ़ रही है, उसके साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें भी बढ़ रही हैं। हमारे समाज में बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले सामने आते रहते हैं। देश में वृद्धाश्रमों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, उससे भी घरों में बुजुर्गों की दशा का संकेत मिलता है। भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने पिछले साल जो इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 जारी की है, उसके मुताबिक आज का युवा भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा।

2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा



चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि बहुत से बुजुर्गों के पास इलाज के लिए आर्थिक संसाधन नहीं होते, जिससे वे सही समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में, सरकार द्वारा उनके मुफ्त इलाज की दिशा में बढ़ाए इस कदम को एक परिहार्य पहल के रूप में देखा जाना चाहिए।

सरकार के इस फैसले से देश के वंचित, शोषित, दलित वर्ग और ग्रामीण परिवेश के बुजुर्गों को सर्वाधिक राहत मिलेगी। हमारे देश में इन वर्गों के अधिकांश बुजुर्गों की आय सीमित अथवा नगण्य होती है और उनके लिए बीमार होने पर इलाज करा पाना एक बड़ी चुनौती व चिंता का विषय होता है। आर्थिक रूप से परेशान बुजुर्गों को जब शारीरिक व्याधियां घेरती हैं तो मानसिक समस्याएं भी दस्तक देने लगती हैं। कई बुजुर्ग तो दूसरों को बीमार देखकर असहज और चिंतित महसूस करते हैं कि अगर वह बीमार पड़ गए तो इलाज कैसे हो पाएगा? यकीनन, मुफ्त इलाज की इस व्यवस्था से उन्हें न केवल इस चिंता से मुक्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे उनके खुश रहने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यह बात प्रमाणित है कि जब बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से सुलभ होती हैं तो वे समय पर अपना इलाज करवा सकते हैं। इससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होता है और उम्र संबंधी बीमारियों की गंभीरता को कम करने में भी मदद मिलती है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकार यह सुनिश्चित करना चाह रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों को भी समान स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, जो उनके सामाजिक अधिकारों का हिस्सा है। इसे फैसले के कई लाभ और भी होंगे। जब निःशुल्क उपचार होगा तो परिवार में बुजुर्गों को बोझ नहीं माना जाएगा। यह योजना निश्चित रूप से सराहनीय है लेकिन इसका सही एवं सुचारू क्रियान्वयन हो, इसे सुनिश्चित करना भी सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इस योजना के कारण सरकारी अस्पतालों पर काम का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। हमारे दूरदराज के अस्पतालों में संसाधनों एवं डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की कमी इसमें बाधक हो सकती है। इसके लिए न केवल डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पद भरने होंगे बल्कि अन्य जरूरी संसाधन भी जुटाने होंगे।

योजना के तहत इलाज कराने आए बुजुर्गों को अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लंबी कतारों में घंटों तक बारी आने का इंतजार बहुत कष्टदायक होता है। इससे वह इलाज के प्रति विमुख भी होते हैं। इसी के साथ-साथ एक प्रभावी प्रशासनिक ढांचे को भी विकसित करना जरूरी होगा, जो इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित बना सके। सरकारी अस्पतालों के ढांचे में सुधार, जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत और संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

यह फैसला एक सामाजिक और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार अगर इसकी आयु सीमा को घटा कर साठ वर्ष कर दे तो यह और ज्यादा प्रभावकारी होगा क्योंकि रिटायरमेंट की उम्र 58 या 60 साल ही है। सरकार को इस योजना में भी इसी उम्र को आधार मानना चाहिए। यह फैसला न केवल बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि समाज को बुजुर्गों के प्रति और न्यायपूर्ण बनाने में भी योगदान देगा। अगर यह निर्णय सही तरीके से यथार्थ के धरातल पर लागू हो पाता तो यह हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हो सकता है।

(लेखक शिक्षाविद व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जिहाद
कल्लोल चक्रवर्ती



# निशाने पर भारतीय रेल


पिछले कुछ समय से खासकर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में रेलगाड़ियों को पलटाने की साजिश रचने की घटनाएं भीषण और चिंताजनक हैं। विगत आठ सितंबर को कानपुर-कासगंज रेलवे लाइन पर मुंडेरी रेलवे क्रॉसिंग के पास भिवानी की ओर जा रही कालिंदी एक्सप्रेस एल.पी.जी. से भरे एक सिलेंडर से टकराई, तो ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। गनीमत यह रही कि सिलेंडर फटा नहीं। ट्रैक पर पेट्रोल की आधी भरी बोतल, माचिस और सफेद पाउडर से भरा बैग मिला। माना जा रहा है कि यह ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश थी। आतंकी साजिश के शक में एन.आई.ए. इसकी जांच कर रही है। उसी दिन राजस्थान में अजमेर जिले के सराधना और बांगड़ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की दो रेल पटरियों पर सीमेंट के 70-70 किलोग्राम के वजनी ब्लॉक डालकर मालगाड़ियों को पटरी से उतारने की कोशिश की गई।

दो मालगाड़ियां सीमेंट के ब्लॉक से टकराईं भी, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को निशाना बनाने की कोशिश का अर्थ है कोयला, लोहा, सीमेंट, अनाज आदि ले रही मालगाड़ियों को ध्वस्त कर भारत को आर्थिक झटका देना। रेल मंत्रालय ने इस मामले का संज्ञान लिया है और पुलिस ने इसकी जांच के लिए एसआईटी बनाई है। ये इस तरह की इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं। पिछले महीने भी रेल पटरियों पर साजिश रचने के कई मामले सामने आए थे। इन दिनों रेल पटरियों को निशाना बनाने की टाइमिंग पर गौर करना भी जरूरी है। लोकसभा चुनाव के बाद अब आगे-पीछे चार राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, जिनमें से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह मानने का कारण है कि जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दशकों से आतंकी घटनाओं को प्रायोजित और वित्तपोषित करने वाला पाकिस्तान वहां होने जा रहे चुनाव से खुश नहीं है, और किसी न किसी तरह भारत के विकास पथ को बाधित या अवरुद्ध करने की साजिश में लगा है। चुनावी माहौल के बीच सुरक्षा के मामले में चाक-चौबंद जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला करना आसान नहीं है। इसी कारण देश के अलग-अलग इलाकों में रेल ट्रैक पर साजिश रचकर भारत को आर्थिक झटका देने की साजिश रची जा रही है। दूसरी बात यह कि अपने देश में यह त्योहारों का समय है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। लिहाजा इस समय रेलगाड़ियों को पटरी से उतारने की बड़ी साजिश रची जा रही है, ताकि ट्रेनों को बेपटरी कर जान-माल के बड़े नुकसान को अंजाम दिया जा सके।

क्या कुख्यात पाक खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. की शह पर अपने यहां रेलगाड़ियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे रेल जिहाद बताया जा रहा है? हाल ही में पाक आतंकवादी फरहतुल्ला गोरी ने टेलीग्राम पर एक वीडियो जारी कर अपने लोगों को भारत में रेल ढांचे को अस्थिर करने के लिए उकसाया है। गोरी पर इससे पहले भी भारत में हुए आतंकी हमलों पर हाथ होने का शक है। एनआईए और रेल सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि इन हमलों के पीछे किसी संगठित आतंकी गिरोह का नहीं, बल्कि ऑनलाइन आतंकी ट्रेनिंग लेने वाले सिरफिरों का हाथ हो सकता है। कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश में आईएसआईएस के खुरासान मॉड्यूल पर भी शक है। आईएसआई की लिप्तता से तो इनकार किया ही नहीं जा सकता, जिसे भारत की लोकतांत्रिक प्रगति हजम नहीं हो रही। घटनास्थलों से गन पाउडर, पेट्रोल और विस्फोटक पदार्थों की मौजूदगी बड़े नुकसान की साजिश के बारे में बताती है। वे यह भी कह रहे हैं कि षड्यंत्रकारी सड़क, खासकर जी.टी. रोड से नजदीक पड़ने वाली रेल पटरियों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि सड़कों से रेल पटरियों तक विस्फोटक और दूसरे सामान ले जाना आसान है। ऐसी लगातार घटनाओं का होना न केवल षड्यंत्रकारियों की खूनी साजिश के बारे में बताता है, बल्कि पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद न होने पर बड़ा रेल हादसा हो सकता है, और निशाने पर और भी जगहें हो सकती हैं। अब भी यही कहा जा रहा है कि रेलवे ट्रैक की निगरानी बढ़ाकर ही देश-विरोधी साजिशों को विफल किया जा सकता है। लेकिन रेलवे का कहना है कि देश भर में फैले लगभग 67,000 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक पर हर जगह कर्मचारी तैनात करना संभव नहीं। जब अपेक्षाकृत सुरक्षित मानी जाने मेट्रो रेल के ट्रैक से बिजली के तार चोरी चले जाते हैं, तो भारतीय रेल के ट्रैक की स्थिति की सहज कल्पना की सकती है, जो रास्ता पार करने वाले के लिए भी सुलभ है, और सुबह शौच करने वालों के लिए भी। ऐसे में, रेल ट्रैक की सुरक्षा बनाए रखने के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ नागरिकों को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं

14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत में कई राज्य और कुछ केंद्र शासित प्रदेश हैं। इन सभी में लोग अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। यह अच्छी बात है कि मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन देश की राजभाषा हिंदी को भी उतना ही सम्मान देना चाहिए जितना मातृभाषा को। आज हिंदी कुछ अंग्रेजी कारण तो कुछ स्थानीय भाषाओं के बीच पिस रही है। इस कारण आजादी के इतने सालों बाद भी हिंदी को वो उच्च स्थान नहीं मिल सका है, जो मिलना चाहिए। कहा जाता है कि चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, बल्कि कई बोलियां हैं। वो प्रदेश के एक-दूसरे व्यक्ति को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। यह दुखद है कि हिंदी ओछी राजनीति के कारण राष्ट्रभाषा नहीं बन पा रही है। – *संजय सोनी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### आसान होगा सफर



टाटा नगर में आज जिन 6 'वंदे भारत' को हरी झंडी दिखाई गई है, उनसे पूर्वी भारत में लोगों का सफर आसान होगा। इससे जहां औद्योगिक विकास को और गति मिलेगी, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संघर्ष व समर्पण को सलाम



महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। आपका अथक परिश्रम भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उनके सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए आपके संघर्ष और समर्पण को सलाम है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अब 2025 में मिलेंगे



2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। यह एक ऐसा सीज़न था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। 2025 में मिलेंगे।
- नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट

### बैकवर्ड इंटीग्रेशन



बचपन में जब बाबूजी के केबल बिजनेस को देखता, तो खुद से सवाल करता: "क्या ये केबल हम खुद बना सकते हैं?" बिजनेस लैंग्वेज में इसको बैकवर्ड इंटीग्रेशन कहा जाता है। यहीं से ज़मीन के नीचे दबे ख़ज़ाने से मेरी लव स्टोरी शुरू हुई।
-अनिल अग्रवाल, भारतीय व्यवसाई

## करंट अफेयर

### पाक को भारत की शिक्षा प्रणाली अपनाने की सलाह

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को खराब शिक्षा प्रणाली को सुधारने और अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत की योजना 'उल्लास' को अपनाने की सलाह दी है। समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ (उल्लास) को भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में निरक्षरों और औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित वयस्कों की सहायता के लिए शुरू किया गया था। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, मनीला आधारित एडीबी ने यह टिप्पणी पाकिस्तान द्वारा अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने तथा स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किए जाने के जवाब में की है। एडीबी ने सिफारिश की है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाए तथा भारत सरकार की नयी केन्द्र प्रायोजित 'उल्लास' जैसी योजनाओं को लागू करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सभी के लिए शिक्षा' के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए पांच वर्ष की अवधि के लिए नयी केन्द्र प्रायोजित योजना 'उल्लास' को मंजूरी दी थी। भारतीय 'उल्लास' योजना का लक्ष्य न केवल बुनियादी साक्षरता उपलब्ध कराना है, बल्कि इसमें 21वीं सदी के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### जीवों की मृत कोशिकाओं से उत्पन्न 'बायोबॉट्स'

अंग दान जैसी प्रथाएं इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि कैसे जीव की मृत्यु के बाद भी अंग, ऊतक और कोशिकाएं काम करना जारी रख सकती हैं। इस लचीलेपन से यह सवाल उठता है कि कौन सी क्रियाविधि कुछ कोशिकाओं को किसी जीव की मृत्यु के बाद भी काम करते रहने देती है? हम अनुसंधानकर्ता हैं जो यह जांच करते हैं कि जीवों के मरने के बाद उनके अंदर क्या होता है। हमारी हाल ही में प्रकाशित समीक्षा में, हमने बताया है कि कैसे कुछ कोशिकाएं मृत्यु के बाद नए कार्यों के साथ बहुकोशिकीय जीवों में बदलने की क्षमता तब रखती हैं जब पोषक तत्व, ऑक्सीजन, बायोइलेक्ट्रिसिटी या जैव रासायनिक संकेत प्रदान किए जाते हैं। जीवन, मृत्यु और कुछ नए का उद्भव तीसरी अवस्था वैज्ञानिकों को कोशिका व्यवहार को समझने में चुनौती देती है। हालांकि, 'कैटरपिलर' का तितली में रूपांतरित होना या 'टैडपोल' का मेंढ़क में विकसित होना, परिचित विकासात्मक परिवर्तन हो सकते हैं, लेकिन ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जहां जीवों में ऐसे परिवर्तन होते हैं जो पूर्वनिर्धारित नहीं होते। ट्यूमर, ऑर्गेनोइड्स (एक त्रि-आयामी ऊतक संवर्धन होता है, जो स्टेम सेल से विकसित होता है) और कोशिका रेखाएं जो पेट्री डिश में अनिश्चितकाल तक विभाजित हो सकती हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
सिर्फ़ ₹1 में करें अपनी कार के सफ़र की शुरुआत!
विशेष ऑफ़र्स का आनंद उठाएं मन की शांति के साथ।
₹1
₹1 DOWN PAYMENT
ALTO K10
S-PRESSO
WAGONR
CELERIO
महा बचत
ALTO K10 ₹59 100*
S-PRESSO ₹59 100*
WAGONR ₹61 100*
CELERIO ₹56 100*
BOOK NOW OFFER VALID TILL 16TH SEPT.
100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10 S-PRESSO WAGONR CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. *Terms and conditions apply. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. Above offers are valid till 30th Sept, 2024.

## जैकेट के शेष

### जन अदालत लगाकर ....

उसके शव का अंतिम संस्कार एक दिन बाद रविवार को पुलिस को बिना सूचना दिए कर दिया गया। हालांकि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश कर रही है।

0 लाठी डंडे से पिटाई करने के बाद रस्सी से घोट दिया गला

0 मृतक शिक्षादूत जगरगुंड़ा थाना क्षेत्र के गोंदपल्ली गांव का था निवासी

0 एक माह में जनअदालत लगाकर नक्सलियों ने की छठवी हत्या

### बौखलाहट में नक्सली, ....

हत्याकांड को अंजाम दिया जाता है, लेकिन शिक्षादूत की हत्या से पूर्व किसी तरह की चेतावनी नहीं दी गई थी।

### जादू-टोना विवाद पर .....

परिवार द्वारा जादू टोना के चलते हुई थी, इसी बात से आरोपी काफी समय से रंजिश रखे हुए थे, जो रविवार को सामूहिक हत्या में तब्दील हो गई।

**प्रधान आरक्षक को फोन कर बुलाया गया :** जानकारी के मुताबिक प्रधान आरक्षक ड्यूटी में था, तभी गांव से कॉल कर उन्हें बुलाया गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस के बीच हत्याकांड को अंजाम दिया गया। हत्या की सूचना पर एसपी सुकमा किरण चव्हाण घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं एहतियातन फोर्स की तैनाती गांव में की गई है। **रंजिश चल रही थी :** एतकल गांव के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि दोनों परिवार के बीच पूर्व से आपसी रंजिश चल रही थी। आरोपी परिवार के दो बच्चे की बीमारी से साल भर पूर्व मौत हो गई थी। जिसके बाद उनकी मौत जादूटोना के चलते होने का संदेह पीड़ित परिवार के मुखिया मौसम कन्ना व अन्य सदस्यों पर था। इसी के चलते सामाजिक बैठक बुलाई गई थी। इसी दौरान पीड़ित परिवार एक तरफ अलग-थलग पड़ गया और गांव के अन्य लोग दूसरी तरफ थे। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ा और हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

### इनकी हुई हत्या ....

सवलम राजेश पिता सवलम कन्ना (21), सवलम हिड़मा पिता सवलम लच्छा, कारम सत्यम पिता कारम रामा (35), कुंजाम मुकेश पिता कुंजाम कन्ना (28) और पोड़ियाम एंका पिता पोड़ियाम जोगा शामिल है, जिनकी गिरफ्तारी कोंटा पुलिस द्वारा की गई है।

### संदेह में फूंक ....

हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसी गांव के रहने वाले रघुनाथ साहू पर चमरू (चन्द्रू) की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए उसके घर में आग लगा दी। जिसमें आग की चपेट में आने से रघुनाथ की मौके पर ही मौत हो गई और उसका एक छोटा बच्चा लापता बताया जा रहा है, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचा ली है।

**पुलिस पर पथराव, आठ कर्मी व एसपी चोटिल :** घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए है, लेकिन बताया जाता है कि ग्रामीणों ने पुलिस बल को भी गांव में नहीं घुसने दिया और उन पर पथराव कर दिया। जिसमें आठ पुलिस कर्मी घायल बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक को भी चोट आई है। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर सख्त कार्रवाई की गई। यहां अभी तक 80 से अधिक ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं आगजनी से क्षतिग्रस्त मकान की तलाशी के दौरान पुलिस ने घर के मुखिया रघुनाथ साहू का जला हुआ शव बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि आगजनी के बाद रघुनाथ का एक छोटा बच्चा भी लापता है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### रिटायरमेंट में एक ....

हुए इंजीनियर शर्मा ने याचिका दायर की थी। ध्यान रहे कि कोरबा में पदस्थ में ईई अरुण शर्मा का तबादला बिलासपुर नगर निगम किया गया है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाई गई तबादला नीति में साफ उल्लेख है कि, यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के रिटायरमेंट में एक साल की अवधि शेष है तो उनका अन्यत्र तबादला नहीं किया जाएगा।

### तबादला नीति का .....

नगर निगम में अपनी सेवाएं देने की छूट दी है। ज्ञात हो कि अधिकारी या कर्मचारी रिटायरमेंट के पहले जिस जगह पर कार्यरत हैं, उनको वहीं रिटायरमेंट पूरा करने की छूट शासन ने दी है। इसके पीछे सेवानिवृत्ति के बाद रिटायरमेंटल ड्यूज, पेंशन प्रकरण सहित अन्य भुगतान में किसी तरह की कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। सेवावधि के अंतिम दिनों में जहां से वेतन का आहरण कर्मचारी करते हैं, वहां पेंशन सहित रिटायरमेंटल ड्यूज के सभी काम आसानी के साथ पूरा कर लिया जाता है।

### इंडिगो की मुंबई-दोहा ....

अब इस विमान के शाम सात बजकर 45 मिनट पर मुंबई हवाई अड्डे से उड़ान भरने की उम्मीद है। एयरलाइन कंपनी 'इंडिगो' ने कहा कि मुंबई से दोहा के लिए उड़ान भरने वाली इसकी उड़ान संख्या- 6ई 1303 में तकनीकी कारणों से देरी हुई। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, विमान ने कई बार अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरने की कोशिश की, लेकिन विभिन्न प्रक्रियाओं के चलते बार-बार होने वाली देरी के कारण अंततः इसे रद्द करना पड़ा। असुविधा के लिए खेद जताते हुए 'इंडिगो' ने कहा कि उसकी हवाईअड्डा टीम ने प्रभावित यात्रियों को तुरंत सहायता प्रदान की। उनके लिए जलपान और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की। रविवार की सुबह विमान में सवार एक यात्री ने 'एक्स' पर बताया कि तकनीकी समस्या के कारण विमान पांच घंटे से अटका हुआ है। आव्रजन अधिकारी यात्रियों को विमान से उतरने की अनुमति भी नहीं दे रहे हैं।

### सीबीआई रिमांड ....

केंद्रीय एजेंसी ने यहां एक अदालत में पेश किया। अधिकारी ने कहा, हमें 17 सितंबर तक तीन दिन के लिए उनकी हिरासत मिली है। अब दोनों से एक साथ पूछताछ की जाएगी। दोनों ने आरजी कर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम मंडल को गिरफ्तार किया था। घोष के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप भी जोड़ा था। घोष फिलहाल आरजी कर अस्पताल से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

### हड्डी टूटी, हौसला ....

पीटर्स डायमंड लीग चैंपियन बनने में कामयाब रहे। पीटर्स ने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। यानी नीरज महज 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए।

## पेज एक के शेष

### दुर्ग से 130 की...

रेलमंडल ने परिचालन और उद्घाटन समारोह को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत मंत्री, विधायक-सांसद भी उपस्थित रहेंगे। बता दें कि वंदे भारत 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इसका ट्रायल दुर्ग से विशाखापट्टनम तक पूरा हो चुका है। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन सेमी हाईस्पीड है, जो 160 किमी प्रतिघंटे की स्पीड से चलने में सक्षम है। आज ट्रेन सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। जहां जनप्रतिनिधि ट्रेन का स्वागत करेंगे। इस दौरान ट्रेन में स्कूली बच्चों के साथ समाज के विभिन्न वर्ग, रेलवे के अधिकारी व परिवार के सदस्य मौजूद रहेंगे।

**ईसी कोच का किराया तीन हजार से अधिक :** दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए बुकिंग आज से शुरू की जाएगी। ट्रेन 20 सितंबर से नियमित चलेगी। जानकारी के मुताबिक, ट्रेन में दो तरह की सीटें होंगी। सीसी और ईसी कोच में सफर के लिए किराया अलग-अलग रहेगा। जोन के अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन के सीसी कोच का किराया 2000 से अधिक और ईसी कोच के लिए 3 हजार से अधिक देना पड़ सकता है। दुर्ग से विशाखापट्टनम का सफर लगभग 8 घंटे का होगा। ट्रेन में यात्रियों को भोजन, पानी और नाश्ते समेत आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### दुल्हन की तरह...

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा सप्ताह में छह दिन, गुरुवार को छोड़कर दोनों छोर से संचालित की जाएगी। यह ट्रेन 16 कोच के साथ चलेगी। 800 से अधिक सीटों पर रेल अधिकारियों के परिवार, वेंडर्स, कुली और सभी वर्ग के लोगों को इस ट्रेन में सफर करने का मौका मिलेगा। यह सफर एक से दो घंटे का होगा। महासमुंद से रायपुर लौटने के लिए रेलवे ने अलग से व्यवस्था बनाई है।

### आउटर में आरपीएफ...

30 दल अलग-अलग जगहों पर तैनात किए जाएंगे। ट्रेन पर पथराव जैसी अप्रिय घटना रोकने आरपीएफ बल गांव और आउटर में विशेष निगरानी करेंगे। इसके अलावा ट्रेनों में 4 से अधिक स्काउट टीम भी तैनात रहेगी। वीआईपी के सुरक्षा जवान में साथ रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक भी किया गया है। लोगों को पथराव के बाद कानूनी सजा के अवगत कराया गया, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### केजरीवाल ने कहा- दो....

ने कहा, मैंने (आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद) इस्तीफा नहीं दिया क्योंकि मैं लोकतंत्र का सम्मान करता हूं और मेरे लिए संविधान सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि केवल 'आप' ही भाजपा की 'साजिशों' का सामना कर सकती है। केजरीवाल ने 2014 में सत्ता संभालने के महज 49 दिन बाद जन लोकपाल विधेयक को लेकर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का जिक्र करते हुए कहा, मैंने तब अपने आदर्शों के लिए इस्तीफा दे दिया था। मुझे सत्ता की लालसा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आबकारी नीति का मामला लंबे समय तक चलेगा और वह दिल्ली की जनता से पूछना चाहते हैं कि वह ईमानदार हैं या दोषी। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर वे उन्हें ईमानदार मानते हैं तो ही उनके पक्ष में वोट करें।

### गणेश पंडाल की तेज...

लोगों से मृतक का इस मुद्दे पर रात विवाद हुआ। उसके बाद यह आत्मघाती कदम धन्नूलाल ने उठाया। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि भिलाई के ग्राम हथखोज निवासी बुजुर्ग धत्रूलाल साहू के घर के समीप ही गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस पर समिति के द्वारा तेज आवाज में साउंड सिस्टम से गाना बजाए जाने के कारण धत्रूलाल साहू काफी परेशान थे। जिसके कारण धत्रूलाल के परिजनों के द्वारा गणेश उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं से साउंड सिस्टम बंद करने कहा गया। परंतु दोनों ही पक्षों के मध्य विवाद होने लगा। सूचना मिलने पर शनिवार की राज पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची। रात लगभग 9 बजे के साउंड सिस्टम बंद कर दिया गया।

### किताब पर बवाल, लाखों...

गए। सिलयारी रियल पेपर मिल फैक्ट्री में इन किताबों को गलाकर पुनः कागज बनाया जा रहा था। किताबें इसी सत्र की है और अभी भी पूरी तरीके से अच्छी कंडीशन में हैं। जिन किताबों उपयोग में लाया जा सकता है, उन्हें रद्दी बताकर बेचा जा चुका है। किताबें इतनी संख्या में हैं, इसका पहाड़नुमा ढेर लगा हुआ है।

**भाग गए फैक्ट्री वाले :** किसी भी शासकीय विभाग से रद्दी निकलने पर उसके निपटान की भी अपनी प्रक्रिया होती है। इसके लिए टेंडर जारी करके अन्य प्रक्रियां पूर्ण की जाती हैं। छापे के वक्त जब फैक्ट्री वाले से पूछा गया कि उसे गलाने के लिए ये किताबें कहां से मिली, तो उसका कहना था कि ये किताबें कबाड़ से उसे मिली है। इसके बाद विवाद बढ़ता देखकर फैक्ट्री के अधिकारी-कर्मचारी भाग गए। पूरे मामले में पाठ्य पुस्तक निगम का पक्ष जानने के लिए महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश पांडेय से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

**कांग्रेस कार्यकाल का नहीं :** जब 2024-25 के लिए किताबें छपनी प्रारंभ हुई थीं, उसके पूर्व ही मैं इस्तीफा दे चुका था। प्रकाशन व वितरण सहित अन्य सभी कार्य नई सरकार के आने के बाद हुए हैं।

**- शैलेष नितीन त्रिवेदी**, पूर्व अध्यक्ष पापुनि

### 10 प्रतिशत संख्या...

संख्या में 10 प्रतिशत की वृद्धि करके अगले सत्र के लिए किताब प्रकाशन प्रारंभ कर दिया जाता है। इस फॉर्मूले से यदि किताबें वितरण पश्चात शेष भी रह जाती हैं, तब भी उनकी संख्या 10-15 हजार से अधिक नहीं होती है।

### अंतरिक्ष की सैर कर...

लेकर रविवार तड़के फ्लोरिडा के ड्राई टॉर्टुगस द्वीप के निकट मैक्सिको की खाड़ी में उतरा। उन्होंने पृथ्वी से लगभग 460 मील (740 किलोमीटर) ऊपर, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और हबल स्पेस टेलीस्कोप से भी अधिक ऊंचाई पर पहली निजी यात्रा की। मंगलवार को उड़ान भरने के बाद उनका अंतरिक्ष यान 875 मील (1,408 किलोमीटर) की ऊंचाई पर पहुंच गया था। आइजकमैन अंतरिक्ष की सैर करने वाले 264वें व्यक्ति बन गए हैं। 1965 में पूर्व सोवियत संघ ने अंतरिक्ष सैर की शुरुआत की थी। 'स्पेसएक्स' की साराह गिलिस अंतरिक्ष की सैर करने वाली 265वीं व्यक्ति बनी हैं। अब तक अंतरिक्ष की सैर करने वाले सभी व्यक्ति पेशेवर अंतरिक्ष यात्री थे।

**अरबपति जेरेड ने किया नेतृत्व :** इस अभियान का नेतृत्व फिनटेक अरबपति जेरेड इसाकमैन कर रहे थे। उनके अलावा किड पोटेट, सारा गिलिस और अन्ना मेनन भी स्पेसशिप में सवार थे। इन सभी ने कैनेडी स्पेस सेंटर से अपनी यात्रा शुरू की थी। इन्हें स्पेसक्राफ्ट को मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट को लांच किया गया था।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** — कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

## थिरुवथिरा का प्रदर्शन...



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में रविवार को थिरुवोनम दिवस के अवसर पर श्रीपद्मनाभ स्वामी मंदिर में पुष्प कालीन (अथपुक्कलम) के सामने कलाकार थिरुवथिरा (विशेष नृत्य रूप) का प्रदर्शन करते हुए।

# इंजी. रशीद की एआईपी व जमात के पूर्व सदस्यों ने किया गठबंधन

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव**

एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और जमात-ए-इस्लामी के पूर्व सदस्यों के बीच जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए एक गठबंधन हुआ। एआईपी ने एक बयान में कहा कि आज एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमें एआईपी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एआईपी के मुख्य प्रवक्ता इनाम उन नबी ने किया, जबकि जेईआई के पूर्व सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गुलाम कादिर वानी ने किया। जमात-ए-इस्लामी जम्मू और कश्मीर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2019 में प्रतिबंधित कर दिया था। इस साल फरवरी में प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया था। जमात के कई प्रभावशाली नेता निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। एआईपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों पक्ष क्षेत्र की जनता के व्यापक हित में मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इसका लक्ष्य एआईपी और जेईआई समर्थित उम्मीदवारों के लिए शानदार जीत हासिल करना है।

### दोस्ताना मुकाबले के लिए सहमति

एआईपी प्रवक्ता ने कहा, ''व्यापक विचार-विमर्श के बाद, यह सहमति बनी कि एआईपी कुलगाम और पुलवामा में जेईआई समर्थित उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। इसी प्रकार, जेईआई के पूर्व सदस्य पूरे कश्मीर में एआईपी उम्मीदवारों को अपना समर्थन देंगे।'' उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में एआईपी और जेईआई के पूर्व सदस्य चुनाव मैदान में हैं, वहां गठबंधन ने /''दोस्ताना मुकाबले/'' के लिए सहमति जताई है, खासकर लंगेट, देवसर और जैनापोरा जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में। प्रवक्ता ने कहा कि अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावों में एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, ''दोनों पक्षों ने कश्मीर मुद्दे को सुलझाने और क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने में एकता के महत्व को रेखांकित किया।''

# इजराइली एयर डिफेंस हुआ फेल, 11 मिनट में पहुंची मिसाइल 2024 किमी अंदर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

■ हूतियों ने इजराइल पर किया बैलिस्टिक मिसाइल से हमला



यमन के ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों ने रविवार की सुबह इजराइल पर मिसाइल से हमला बोला। यह मिसाइल इजराइली एयर डिफेंस को नाकाम करते हुए मध्य इजराइल के खुले क्षेत्र में गिरी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यह पहली बार है जब इजराइल के इतने अंदर तक कोई मिसाइल पहुंची है। यमन के हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह के सैन्य प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ये हमला तेल अवीव को निशाना बनाकर किया गया था और उसने नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। हमले में किसी बड़े नुकसान की रिपोर्ट नहीं आई है।

### साढ़े 11 मिनट में पहुंची मिसाइल

हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि 'मिसाइल ने साढ़े 11 मिनट में 2040 किलोमीटर की दूरी तय की और इसने यहूदी लोगों के अंदर दहशत की स्थिति पैदा कर दी। 20 लाख से ज्यादा यहूदी इतिहास में पहली बार शरण लेने के लिए भागे।' प्रवक्ता ने 7 अक्टूबर के हमले की वर्षगांठ से पहले इजराइल पर और अधिक हमलों की चेतावनी दी है।

**इजराइल देगा जवाब :** इजराइल ने संकेत दिया है कि वह इस हमले का जवाब देगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में कहा, हूतियों को पता चल जाना चाहिए था कि 'हमें नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश के लिए हमें भारी कीमत चुकानी पड़ती है। जिस किसी को भी यह याद दिलाने की जरूरत है, उसे हुदैदाह पोर्ट पर आकर देखने की जरूरत है।'

## सेना से भागा व्यक्ति 12 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को कहा कि पुलिस ने सेना से भागे एक व्यक्ति के पास से 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। यादव ने कहा कि अमृतपाल सिंह उर्फ फौजी पाकिस्तान से संबद्ध हेरोइन तस्करी रैकेट का एक बड़ा सदस्य है। तरनतारन के कासेल गांव का निवासी फौजी अगस्त 2024 से फरार था, जब 33 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के बाद उसके साथी सरताज को जम्मू बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया था। यादव ने कहा कि इस गिरोह का जाल अन्य देशों में फैला है और इसकी अगुवाई तरनतारन के मियांपुर गांव का अमृतपाल सिंह बाथ कर रहा है जो फिलहाल दुबई से इस गिरोह को संचालित कर रहा है।

## हसीना और 58 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का नया मामला दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है।



मीडिया में रविवार को जारी खबर में यह जानकारी दी गई। देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। बांग्लादेश के अंग्रेजी समाचार पत्र 'डेली स्टार' में प्रकाशित खबर में बताया गया कि फहीम फैजल (22) ने यह मामला दर्ज कराया है।

एनएमडीसी
NMDC
एन एम डी सी लिमिटेड
बैलाडीला लौहअयस्क खदान : बचेली कॉम्पलेक्स
जिला – दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) 494553

दिनांक 16.09.2024

आवश्यक सूचना

दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारीश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह–जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्व हुआ है। बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है।

इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विश्वकर्मा जयंती (17.09.2024) के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

कार्मिक विभाग
एनएमडीसी बीआईओएम बचेली

## शब्द पहेली - 5634

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

### शब्द पहेली-5633 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5645

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल - 5644 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# आर्यन संग करेंगी रोमांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार है। फिल्म 'एनिमल' के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और तृप्ति के पास फिल्मों की लाइन लग गई। उनकी पिछली फिल्म 'बैड न्यूज' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में तृप्ति एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर है कि कार्तिक आर्यन की एक दूसरी फिल्म के लिए भी उनके नाम पर पक्की मोहर लग चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के निर्देशन की कमान अनुराग बासु संभाल रहे हैं। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं और इसके संगीत की जिम्मेदारी प्रीतम को सौंपी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 24 सितंबर से शुरू होगी, जो फरवरी तक चलेगी, वहीं 2025 में फिल्म पर्दे पर आएगी। यह एक लव स्टोरी पर आधारित होगी। फिल्म के लिए अनुराग ने कार्तिक के साथ तृप्ति की जोड़ी फाइनल कर दी है।



## बड़े उत्साह से मनाते हैं गणेशोत्सव, घर में रहती है धूमधाम

# भगवान गणपति के सच्चे भक्त हैं ये बॉलीवुड सितारे

*मुंबई। देशभर में जहां गणेशोत्सव की धूम देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर मायानगरी मुंबई में भी इस त्योहार की एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। खासकर फिल्मों और छोटे पर्दे के सितारे इस पर्व को बड़े हर्षो-उल्लास के साथ मनाते हैं। न सिर्फ हिंदू कलाकार, बल्कि मुस्लिम सितारे भी बप्पा के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर आइए आपको उन सितारों से मिलवाते हैं, जो गणपति के बड़े भक्त हैं।*

### शिल्पा शेट्टी और अमिताभ बच्चन



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल दिल खोलकर अपने घर में बप्पा का स्वागत करेती हैं। शिल्पा की गणपति पर गहरी आस्था है। उनका वो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें बैसाखी के साथ चलते हुए और भगवान गणेश का अपने घर में स्वागत करने के लिए आते हुए देखा गया था। उधर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी गणपति के परम भक्त हैं। वह हर साल अपने परिवार के साथ गणपति का जोरदार स्वागत करते हैं।



### सलमान खान और शाहरुख खान



सलमान खान व उनकी बहन अर्पिता खान शर्मा हर साल अपने घर में बप्पा को लेकर आते हैं। खान परिवार का शायद ही कोई सदस्य ऐसा होगा, जो इस पर्व में शामिल न होता हो। दूसरी ओर शाहरुख खान भी हर हिंदू त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। वह गणपति बप्पा में बहुत विश्वास रखते हैं और हर साल अपने घर पर उनकी मूर्ति स्थापित करते हैं। अभिनेता अपने परिवार को और बच्चों समेत ये उत्सव मनाते हैं।

### संजय दत्त और सैफ अली खान



संजय दत्त भी इन्हीं सितारों में शुमार हैं। उनके साथ-साथ उनकी पत्नी मान्यता दत्त भी गणपति बप्पा से बहुत प्रेम करती हैं। भगवान गणेश की आराधना करते हुए दत्त परिवार की तस्वीरें हर साल सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। उधर सैफ अली खान हर साल अपनी पत्नी करीना कपूर और दोनों बच्चों के साथ अपने घर पर गणपति बप्पा की स्थापना करते हैं।

### ये सितारे भी सूची में शामिल

सैफ की बेटी सारा अली खान और उनकी बहन सोहा अली खान भी गणपति की जमकर पूजा करती हैं। दोनों हर साल बप्पा का स्वागत करती हैं। दीया मिर्जा, ऋतिक रोशन और श्रद्धा कपूर के घर भी हर साल बप्पा का आगमन होता है।


### गोविंदा और जैकी श्रॉफ

गणेश चतुर्थी पर गोविंदा के घर हर साल बप्पा विराजमान होते हैं। उनका पूरा परिवार बप्पा की भक्ति में लीन रहता है। भगवान गणेश से गोविंदा का प्रेम जगजाहिर है। दूसरी ओर जैकी श्रॉफ भी खूब जोर-शोर से अपने घर पर गणपति बप्पा का स्वागत करते हैं। पूरा श्रॉफ परिवार इस मौके पर साथ आता है और गणेश चतुर्थी को धूमधाम से मनाता है। बप्पा की भक्ति में लीन हर साल जैकी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं।



# 'सिकंदर' में पहली बार जमेगी सल्लू- शरमन जोशी की जोड़ी

मुंबई। सलमान खान पिछली बार फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अब सलमान फिल्म 'सिकंदर' लेकर आ रहे हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म से अभिनेता शरमन जोशी भी जुड़ गए हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। एआर मुरुगादॉस इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी 'सिकंदर' में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे।




# पॉप स्टार टेलर करेंगी कमला हैरिस का समर्थन



**लॉस एंजिलस।** अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों का समर्थन करने वाले लगातार सामने आ रहे हैं। अब इस कड़ी में पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट का नाम भी जुड़ गया है। स्विफ्ट ने इंस्टाग्राम पर अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस का समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। टेलर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस और टिम वॉल्ज को अपना वोट दूंगी। मैं कमला हैरिस को वोट दे रही हूं, क्योंकि वह अधिकारों और कारणों के लिए लड़ती हैं।

# 'जो तेरा है वो मेरा है' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** परेश रावल पिछली बार फिल्म 'सरफिरा' में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। पिछले कुछ समय से परेश अपनी आगामी फिल्म 'जो तेरा है वो मेरा है' को लेकर खबरों का हिस्सा बने हुए हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राज त्रिवेदी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने 'जो तेरा है वो मेरा है' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है। 'जो तेरा है वो मेरा है' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 20 सितंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर किया जाएगा। ट्रेलर में परेश की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। अजय जी राय इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी, सोनाली सेगल, फैसल मलिक और आदित्य रावल जैसे सितारे भी नजर आने वाले हैं। अजय जी राय इस फिल्म के निर्माता हैं।




# जैकलीन से नरगिस फाखरी तक 'हाउसफुल 5' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अक्षय कुमार को आखिरी बार फिल्म 'खेल खेल में' देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 32.66 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। मौजूदा वक्त में अक्षय 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त 'हाउसफुल 5' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। ताजा खबर यह है कि 'हाउसफुल 5' में 5 अभिनेत्रियां जलवा बिखेरती नजर आएंगी।




***अभिनेत्रियों के नाम आए सामने :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, नाडियाडवाला इस फिल्म को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ और डिनो मोरिया जैसे अभिनेता नजर आएंगे। अब खबर है कि 'हाउसफुल 5' में 5 अभिनेत्रियां अदाकारी का तड़का लगाती हुई दिखाई देंगी। मुख्य अभिनेत्रियों के लिए जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह और सौंदर्या शर्मा को चुना गया है।

***45 दिनों तक चलेगी फिल्म की शूटिंग :*** कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग आज 15 सितंबर से लंदन में शुरू होगी, जो 45 दिनों तक चलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के कुछ दृश्यों की शूटिंग पहले लंदन में होगी और फिर बाकी शूटिंग एक क्रूज पर की जाएगी। 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त 'हाउसफुल 5' 6 जून, 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

# निभा सकती हैं युवराज की प्रेमिका का किरदार

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है। उनकी बायोपिक फिल्म का ऐलान हो गया है। भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं, वहीं रवि भागचंदका ने इसके निर्देशक की कमान संभाली है। युवराज की बायोपिक फिल्म के शीर्षक का ऐलान होना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, युवराज के किरदार के लिए रणबीर कपूर को चुना जा सकता है। अब खबर आ रही है युवराज की बायोपिक से अभिनेत्री फातिमा सना शेख जुड़ गई हैं। निर्माताओं ने किया संपर्क एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवराज की बायोपिक में फामिता उनकी प्रेमिका की भूमिका निभा सकती हैं। फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच बातचीत जारी है। कहा जा रहा है कि फातिमा को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है।





## खबर संक्षेप

### धार्मिक पोस्टर फाड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर के मानव मंदिर चौक में लगे एक धार्मिक फ्लैक्स को फाड़ देने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 सितंबर को प्रार्थी राजेश कुमार डागा ने थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मानव मंदिर चौक में फ्लैक्स और प्रतीक चिन्ह लगाया गया है, जिसे शाम करीब साढ़े 7 बजे एक व्यक्ति द्वारा चीर-फाड़कर नुकसान कर धार्मिक भावना को आहत किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 298 भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को चेक किया। जिसमें एक व्यक्ति फ्लैक्स और महाकाल के प्रतीक चिन्ह को चीर-फाड़ करते दिखाई देने पर उक्त व्यक्ति का तत्काल पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम व पता प्रशांत लाउत्रे 26 वर्ष निवासी डोंगरगढ़ बताया।

### मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में ही डाला डेरा

# बगदई में डायरिया का प्रकोप, दो दिन में 85 से ज्यादा मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम बगदई में डायरिया उल्टी-दस्त का प्रकोप देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों की बढ़ती संख्या को देख ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। विकासखण्ड में लगातार डायरिया के मामले सामने आ रहे हैं। इसके पूर्व ग्राम भोथली व फागुनदाह में भी डायरिया का प्रकोप फैल चुका है। वहीं, लगभग प्रतिदिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिनों में ही अचानक 85 से ज्यादा लोग डायरिया उल्टी-दस्त से प्रभावित हुए हैं। बीते शनिवार को सर्वाधिक मरीज सामने आए हैं, जिनमें 30 से अधिक मरीज को गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। लगातार मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सजग है और जरा भी गंभीर मरीजों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र गुरुर पहुंचाया जा रहा है, जहां मरीजों का इलाज जारी है।



#### पहले दिन मिले 37 मरीज

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगदई में पहले ही दिन डायरिया के 37 मरीजों की पुष्टि हुई थी, जो दूसरे दिन और बढ़ गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गलियों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सर्वे कर चिन्हित किया गया था। वहीं, दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 48 मरीजों की पुष्टि की गई है। वहीं, वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में 14 उल्टी-दस्त के मरीजों का इलाज जारी है।

#### गंदा पानी को बताया जा रहा कारण

ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना के तहत लगे मोटर पम्प की पाईप टूट फूट जाने के कारण गंदा पानी पाइप के माध्यम से घरों तक पहुंचा है। आशंका जताई जा रही है कि डायरिया फैलने का कारण यही गंदा पानी है, क्योंकि कुछ दिनों पहले हुई बारिश के बाद मोटर पम्प के जलमग्न होने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

## फुसलाकर लाया थाने और बना दिया पत्थरबाजी का आरोपी



**महासमुंद।** वंदे भारत एक्सप्रेस के विशाखापट्टनम से वापसी के दौरान हुई पत्थरबाजी मामले में अहम बात सामने आई है कि जिन्हें आरोपी माना जा रहा है उन्हें तो घटना तक की जानकारी नहीं थी। परिजनों की मानें तो युवकों को बहला-फुसलाकर थाना लाया गया जहां उनके बार बार पूछने के बावजूद उन्हें नहीं बताया गया कि आखिर माजरा क्या है। बाद जब बड़े अफसर पहुंचे तो उनके सामने युवकों को वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थरबाजी का आरोपी करार कर खड़ा कर दिया गया। मामला गंभीर होने के साथ सघन जांच विषयक भी है। परिजनों का कहना है कि पकड़े गए युवकों को जानकारी भी नहीं थी कि वंदे भारत एक्सप्रेस यहां से गुजरने वाली है। यहां तक कि उन्हें यह भी पता नहीं था कि आरपीएफ थाना महासमुंद किसलिए ले जाया जा रहा है? उन्हें बहला फुसलाकर थाना ले जाया गया और पत्थरबाजी का आरोपी बना दिया गया। जबकि असल अपराधी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। बता दें कि दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच आज से शुरु होने जा रहे वंदे भारत एक्सप्रेस का 13 सितंबर को ट्रायल हुआ। जो महासमुंद, बागबाहरा होते हुए विशाखापट्टनम पहुंची और वापसी में शुक्रवार रात तकरीबन 9.15 बजे बागबाहरा स्टेशन से गुजरने के दौरान ट्रेन पर पथराव हुआ जिससे ट्रेन के कोच सी 2-10, सी 4-1, सी 9-78 के शीशों में दरारें आ गई। सूचना पर आरपीएफ टीम ने रात को ही शिव कुमार बघेल, देवेंद्र चंद्राकर, जीतू तांडी, लेखराज सोनवानी एवं अर्जुन यादव को पत्थरबाजी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# बस को ट्रक ने ठोका, दस लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी/अंबेरी

मैनपाट की सैर करने निकले मंडी हमाल संघ की बस ग्राम कोसमर्रा में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। इनका उपचार जिला अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में किया जा रहा है। भखारा थाना प्रभारी एएसआई नीरज दुबे ने बताया कि शनिवार की रात को धमतरी मंडी हमाल संघ के लोग दो दिन शनि-रविवार के अवकाश पर मैनपाट अंबिकापुर घूमने के लिए गुप्ता ट्रेवल्स बस क्रमांक सीजी 23 एल 7100 से निकले थे। धमतरी से भखारा मार्ग पर ग्राम कोसमर्रा पहुंचने पर बस चालक ने लघुशंका के लिए बस को सड़क किनारे साइड लगाया। उसी समय धमतरी से रायपुर की ओर जा रहे आयरन पत्थर से लदे ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 3117 के ड्राइवर ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बस को पीछे से ठोकर मार दी।

### पत्थर से युवक की हत्या, नाले के दलदल में फंसा आरोपी

**भिलाई।** आपस में युवकों के बीच विवाद गहराने के बाद एक बड़ी घटना हो गई। आरोपी युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या पत्थर से सिर कुचलकर कर दी। हत्या करने के बाद वह भागने लगा लेकिन नाले के दलदल में जा फंसा और रात भर अचेत पड़ा रहा। अचेतावस्था में उसे लाने के बाद हत्या का राज खुला। आरोपियों ने मृतक को मोबाइल दिलाने और शराब पिलाने के नाम पर अपने साथ ले गए थे। थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में बीइसी कंपनी के पीछे खाली मैदान दलदली जगह पर एक युवक अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना 112 में मिली मौके पर पुरानी भिलाई थाना टीम पहुँच कर 108 की मदद से आहत युवक को सुपेला अस्पताल रवाना किया गया। जहां डॉक्टर ने मृत बताया। घटना स्थल में आहत के सिर से अत्यधिक खून निकला था।

## गंगरेल सहित सहायक बांधों में 83 टीएमसी पानी की आवक



**धमतरी।** पानी से लबालब गंगरेल बांध की प्राकृतिक सुंदरता और निखर गई है। चारों तरफ हरी-भरी पहाड़ियों से घिरे बांध का अथाह जल पर्यटकों को बरबस खींच रहा है। इन दिनों प्रदेश के विभिन्न शहर तथा महाराष्ट्र, उड़ीसा के पर्यटक गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंच रहे हैं। इस साल अच्छी बारिश होने और महानदी परियोजना के बांधों की तबीयत दुरुस्त होने से क्षेत्र के लोगों में उत्साह है।

गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरस रहे जिले के सभी बांध में खूब पानी है। बांधों में पानी की आवक-जावक हो रही है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में 1 जून से अब तक 51.712 टीएमसी पानी की आवक दर्ज की गई है। इस बांध से वर्षाकाल के दौरान 27.133 टीएमसी पानी छोड़ा गया है जिसमें 13.414 टीएमसी पानी सिंचाई के लिए नहर में दिया गया है वहीं 11.793 टीएमसी पानी महानदी में छोड़ा गया है। इसके अलावा धमतरी-रायपुर शहर को पेयजल तथा भिलाई नहर में भी पानी दिया गया। रविवार को गंगरेल बांध में 31.783 टीएमसी के साथ 98.63 प्रतिशत जल भराव है। यहां पानी की आवक 4266 क्यूसेक तथा जावक 5423 क्यूसेक हो रही है।

#### सहायक बांधों में 31 टीएमसी पानी आया

गर्मी के दिनों में पूरी तरह से सूख चुके माडमसिल्ली बांध में 99 प्रतिशत पानी जमा है। वर्षा सीजन में माडमसिल्ली बांध में 8.137 टीएमसी पानी की आवक हुई है। इस बांध से 2.474 टीएमसी पानी महानदी के रास्ते गंगरेल बांध पहुंचा है। माडमसिल्ली में 5.783 टीएमसी पानी का स्टाक है। बांध में पानी की आवक 386 क्यूसेक तथा जावक 366 क्यूसेक बनी हुई है। 10.192 टीएमसी क्षमता वाले दुधावा बांध में 10 टीएमसी पानी भरा है। बारिश के दौरान इस बांध में 13.628 टीएमसी पानी की आवक हुई है। यहां पानी की आवक 995 क्यूसेक तथा जावक 833 क्यूसेक हो रही है।

## संगठित चोर गिरोह के नौ सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में संचालित अन्नपूर्णा राईस मिल में चोरी की बारदात को अंजाम देने वाले संगठित चोर गिरोह के नौ सदस्यों को पोंड़ी पुलिस व साइबर सेल ने दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्त में आए इन आरोपियों के पास से 174 बोरी धान वजन 69.60 क्विंटल, बारदात में प्रयुक्त दो पीकअप वाहन, एक मोटर सायकल एवं नगदी 21000 रूपए की रकम जप्त की है। गत 9 सितम्बर को राइस मील के मालिक चंद्रकांत चंद्रवंशी ने चौकी पोंड़ी पहुंचकर रपट दर्ज कराई थी कि उसकी ग्राम मानिकपुर में संचालित अन्नपूर्णा राइसमिल से 80 बोरी धान की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। इस सूचना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 199/24 धारा 331(4), 305, 112 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर साइबर सेल की मदद से विवेचना में लिया था। पोड़ी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को पतासाजी के दौरान राईस मिल में लगे सीसीटीवी से जानकारी मिली की एक पीकअप वाहन 7 सितम्बर को रात्रि करीब 3.00 बजे राईस मिल के अंदर से बाहर निकली है। जिस पर राईस मिल के आसपास में लगे अन्य सीसीटीव्ही का अवलोकन किया गया जिसमें 7 सितम्बर की ही रात्रि में ग्राम मानिकपुर का ईश्वर चंद्रवंशी अपने मोटर सायकल से 02 व्यक्तियों को बिठाकर राईस मील की तरफ जाते दिखाई दिया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152
Email : response.haribhoomi@gmail.com

**Appointment आवश्यकता**

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें 9343467254, 7470490884. (RO-6483)

आवश्यकता है- ऑफिस में टेलीकॉलर, कंप्यूटर वर्क ,हेतु महिला /युवती की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन+ कमीशन, कमाने का सुनहरा अवसर शीघ्र संपर्क करें डिल्लन कॉम्प्लेक्स सुपेला भिलाई मो - 9302650639, 8839171274. (आरो न.-585)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट दुर्ग में लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करें (आरो नं -6380)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- मोमो ठेला के लिए लड़का चाहिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे का काम है NIT के पास, 8k-10k महीना call-7057391715 (RO-23957)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ। दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341. (RO-2984)

**इंजीनियर/मैनेजर**

आवश्यकता है- सत्यम बेकरी दुर्ग भिलाई में कंप्यूटर ऑपरेटर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और मैनेजर की आवश्यकता है। एक्सपीरियंस 3 से 4 वर्ष। संपर्क 9589917781 (आरो -581)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ्त जल्दी संपर्क करें - रायपुर mobile - 8839536035, 7987466526. (RO-258)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9300629026, 9300129026. (RO-1757)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गैराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (RO-572)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124. (RO-398)

**वाइंडर/हेल्पर**

आवश्यकता है- इंडस्ट्रियल मोटर /जनरेटर वर्कशॉप में वाईंडिंग कार्य हेतु वाइंडर , हेल्पर तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। फ्रेशर भी बायोडाटा सहित मिले टाटीबंध रायपुर. 7694954356, 7898900131. (RO-308)

**मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोट के पास, रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 9098976666. (RO-35388)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6487)

Requirment- Experience salesman for sale industrial goods rolling mills Raipur, Raigarh, and Orissa mob. No. 9830027878. (RO-2993)

**रिसेप्शनिष्ट/सेल्स**

Requirement- 1. Reception staff- 2 female, 2. Sales Executive- 2 M/F, 3. Office Assistant- M/F 2, 4. साफ- सफाई- Female-2 Address- Lal Ganga shopping complex mobile:- 8823000065. (RO-6486)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मो.- 94255-16644. (RO-574)

आवश्यकता है- पुजारी फ्यूल्स राजेंद्र नगर में कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है काम दिए हुए को प्राथमिकता मोबाइल नंबर - 8720050022. (RO-6482)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। 1. रिंग रोड नं 4 सरोरा, तेंदुआ के पास, बिलासपुर बाईपास रायपुर मो. 7000780126, 9039970008. (RO-1754)

**मार्केटिंग/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- सनरेज बिल्डर को मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव एवं टेलीकॉलर मेल फीमेल वेतन योग्यता अनुसार संपर्क सुपेला नेहरू भवन भिलाई -92000 02422 787 9030 886. (आरो न. -584)

**अकाउंटेंट/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000), (2) टेलीकॉलिंग पद 20 वेतन (7000-12000), Contact : 9589049626 9399921416 , Mail : egenesis.2023@gmail.com, हेड ऑफिस- इ जेनेसिस फाइनेंसियल सोल्यूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई (आरो न. -583)

**अन्य**

आवश्यकता है- फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे (SMS /Job) करके लड़के-लड़कियां, गृहणियां कमाये (21,500- 45,500) महीना (लैपटॉप, मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS, QUALIFICATIONS, WhatsApp /Call करें:- 9372730168, 8433747810. (RO-2992)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1331)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाएं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाएं, फन्ड + बोनस- 9958483685. (RO-449)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वीं, 12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH- NIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेन्ट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - गुरु माँ सुमित्रा देवी एक फोन में चमत्कार महाकाली की शक्ति मेरी भक्ति सिर्फ 72 घंटो में लव मैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, माता पिता को मनाना, हर समस्या का घर बैठे समाधान - 9993670089. (RO-2989)

**Home Buildup भवन निर्माण**

प्रीमियम निर्माण- स्ट्रक्चर - 890/- मैटेरियल सहित, पूर्ण फिनिशिंग 1390/- वर्गफीट दर से प्रारंभ, भूमि पूजन से लेकर गृह प्रवेश तक. अनुभवी इंजीनियरों की देखरेख में वास्तु अनुरूप नक्सा, ब्रांडेड मैटेरियल और फिनिशिंग में फॉल्स सीलिंग सहित लाइट, पंखे ,मॉड्यूलर किचन। 88274 91733, 8719911918. (RO-559)

सब कुछ है यहां पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासीफाईड

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

गुप्त रोगों का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9753901137

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

हेपाटाइटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एस.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल




कर्नाटक में 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' के अवसर पर खास कार्यक्रम

# 2500 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ने रविवार को 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' के अवसर पर समानता, एकता, बंधुत्व और सहभागितापूर्ण शासन के प्रतीक के रूप में 2,500 किलोमीटर लंबी 'ऐतिहासिक' मानव श्रृंखला बनाई। कर्नाटक सरकार के अनुसार, यह 'विश्व की सबसे लंबी' मानव श्रृंखला है जो पूरे राज्य में बीदर से चामराजनगर तक बनाई गई, जिसमें सभी 31 जिले शामिल थे। इसमें छात्रों के अलावा लोककलाकार सहित भी शामिल हुए। मैसूर रोड में छात्र डॉ. आंबेडकर और महात्मा गांधी के गेटअप में भी नजर आए। इस आयोजन के दौरान, प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में पौधे भी लगाए।





## संयुक्त राष्ट्र ने 2007 में की थी घोषणा

अधिकारियों ने बताया कि मानव श्रृंखला में हिस्सा लेने वालों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। पिछले साल कर्नाटक सरकार ने 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' कार्यक्रम के तहत संविधान की प्रस्तावना पढ़ने का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था। बता दें, संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2007 में हर साल 15 सितंबर को 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई, जिसे विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री बोले- राहुल देश के नंबर-1 आतंकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। बबिट्टू ने कहा, राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है, सिख



किसी पार्टी से जुड़ा नहीं है और यह चिंगारी लगाने की कोशिश है, राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं। बिट्टू ने भागलपुर में कहा, मैंने चैलेंज किया है कोई सिख जो यहां खड़ा है जो किसी पार्टी से जुड़ा नहीं है। यहां बोल दे भागलपुर में किसी ने उनसे बोला कि आप कड़ा नहीं डाल सकते, किसी ने कहा हो आप पगड़ी नहीं डाल सकते। एक सिख यहां खड़ा होकर कह दे, मैं अभी बीजेपी छोड़ दूंगा। चिंगारी लगाने के लिए पहले मुस्लिमों को यूज करने की कोशिश की अब नहीं हुआ तो बिल्कुल बॉर्डर पर जो सिख हैं जो देश की रक्षा करते हैं उनमें फूट डालने की कोशिश करते हैं।

# मेरठ में तीन मंजिला मकान ढहा, 10 की मौत

एजेंसी ▶▶| मेरठ/लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मेरठ की जाकिर कॉलोनी में बारिश से तीन मंजिला मकान गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। मेरठ जिला प्रशासन के अनुसार, जाकिर कॉलोनी में



तीन मंजिला मकान गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई। अभी एक व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। इस बीच, मेरठ के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने संवाददाताओं को बताया कि, जब (घटना के बाद) बचाव अभियान शुरू हुआ था, तो रिश्तेदारों ने 15 लोगों के बारे में जानकारी दी थी। अब तक मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। पांच लोगों का उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि जब तक पूरा मलबा हटा नहीं लिया जाता तब तक बचाव अभियान जारी रहेगा।

सेना और पुलिस का इलाके में संयुक्त ऑपरेशन

# 72 घंटे के भीतर छठा आतंकी ढेर, पुंछ के बाद कठुआ में भी हुई मुठभेड़, तलाश जारी

*पुंछ में मेंढर के जंगल में आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों की तरफ से फायरिंग हुई जिसका सुरक्षाबलों ने जवाब दिया। यहां 2-3 आतंकियों के छिपे होने की संभावना है*



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर में बीते 72 घंटे में चौथी बार आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सेना ने 72 घंटे के भीतर 6 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया है। वही दो जवान शहीद हो गए हैं। बता दे कि रविवार की दोपहर को कठुआ के नुकनाली नाला में गोलीबारी हो रही है। सेना और पुलिस को आतंकियों के होने की जानकारी मिली थी। सेना और पुलिस जब इलाके में जॉइंट ऑपरेशन चला रही थी। तभी आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई गई है। इससे पहले आज सुबह पुंछ में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। मेंढर के गुरसाई टॉप के पास पठानतीर इलाके में 2-3 आतंकी छिपकर सेना पर फायरिंग कर रहे हैं। यहां भी ऑपरेशन जारी है। सेना ने बताया कि एनकाउंटर वाली जगह पर और जवानों को भी भेजा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में बीते 3 दिन में 6वां एनकाउंटर है। अबतक 6 आतंकी मारे जा चुके हैं और 2 जवान शहीद हुए हैं।



## जंगल में रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों के ऊपर आतंकियों ने गोलीबारी की। जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने पर कार्रवाई करते हुए शनिवार शाम मेंढर के पठान तीर क्षेत्र में पुलिस और सेना द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि तलाशी दल पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिससे गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है, क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

## भेजे गए अतिरिक्त जवान

एक सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस और सेना के जवानों ने पठानतीर इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, इलाके में छिपे संदिग्ध आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

## एनकाउंटर पर एक नजर

*पहला एनकाउंटर, 13 सितंबर: किश्तवाड़ के नैदघाम गांव में शुक्रवार दोपहर को मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के 2 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इस एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हुए थे।*

*दूसरा एनकाउंटर 13 सितंबर: शुक्रवार को कठुआ के खंडारा में सेना का ऑपरेशन चला। यहां राइजिंग स्टार कोर के सैनिकों ने 3 आतंकियों को मार गिराया गया। आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए।*

*तीसरा-और चौथा एनकाउंटर, 13-14 सितंबर: बारामूला के क्रेरी के चक टापर इलाके में शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया।*

*पांचवा एनकाउंटर, 14 सितंबर: शनिवार सुबह एलओसी के पास मुठभेड़ नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकियों से सेना की मुठभेड़ हुई। सेना का एक अधिकारी घायल हुआ था।*

*छठा एनकाउंटर, 15 सितंबर: रविवार सुबह पुंछ में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक आतंकी मारा गया। मेंढर के गुरसाई टॉप के पास पठानतीर इलाके में 2-3 आतंकी छिपकर सेना पर फायरिंग कर रहे हैं। यहां भी ऑपरेशन जारी है।*

बिहार के किशनगंज और गया में बड़ा हादसा

# मालदा कोर्ट से सिलीगुड़ी जाने वाली ट्रेन के इंजन में आग, मची अफरा-तफरी

*फरिंगोला के पास ट्रेन में बने भगदड़ के हालात*



एजेंसी ▶▶| किशनगंज

बिहार के किशनगंज एक बार फिर से ट्रेन में बड़ा हादसा हुआ है। किशनगंज-पाजीपड़ा के बीच फरिंगोला के पास मालदा कोर्ट से सिलीगुड़ी जंक्शन जाने वाली ट्रेन संख्या 07519 के इंजन में आग लग गई। इसकी खबर मिलते ही अलग-अलग कोच के यात्रियों के बीच अफरातफरी की स्थिति बनी। लोग घबराकर चिल्लाने लगे। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। शहर के एनएच 27 तेघरिया रेल गेट के पास रोका गया जिसके बाद आग लगने की सूचना रेलवे पुलिस स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दिया गया। इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## ट्रैक बदलते वक्त हादसा

*इधर, मालगाड़ी के बेपटरी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे लोग इधर-उधर भागने लगेलोगों का कहना है कि इंजन के अनियंत्रित होते ही लोको पायलट नीचे उतर गया। रफ्तार कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इंजन को आंशिक क्षति हुई है। मामले में पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ट्रैक चेंज होने के कारण इंजन बेपटरी होकर खेत में चला गया। रेलवे यार्ड के अंतिम छोड़ पर यह हादसा हुआ। रेलवे की टीम ने मामले की जांच की है। घटना में किसी कोई क्षति नहीं हुई। रेलवे ट्रैक पर भी हालात सामान्य हैं। रेलवे की टीम ने एक घंटे के अंदर मालगाड़ी को दुरुस्त कर दिया।*

बेंगलुरु में लापरवाही

# सीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक, कुर्सी की तरफ लपका युवक, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। एक कार्यक्रम के दौरान एक संदिग्ध युवक सीएम की कुर्सी की तरफ लपका, लेकिन समय रहते ही सीएम के सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़कर पुलिस कौ सौंप दिया। पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सिद्धारमैया एक कार्यक्रम में मंच पर मौजूद थे। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से दर्शकदीर्घा से उठकर मंच पर मौजूद सीएम की कुर्सी की तरफ लपका। सीएम की सुरक्षा में मौजूद सुरक्षाकर्मी तुरंत खतरे को भांप गए और उन्होंने उसे सीएम की कुर्सी तक पहुंचने से पहले ही दबोच लिया।

# नौसेना में कमीशन हुई कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी प्रशिक्षण सुविधा 'विनेत्र'



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना में कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी बचाव प्रशिक्षण सुविधा (विनेत्र) कमीशन हो गई है। इसे बीते शुक्रवार को विशाखापट्टनम में पूर्वी नौसैन्य कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने आईएनएस सातवाहन में कमीशन किया। नौसेना ने बताया कि इस सुविधा का उद्देश्य पानी के अंदर किसी आपात परिस्थिति में फंसी हुई कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी के चालक दल की बचकर बाहर निकलने की सुविधा को बढ़ावा देना है। आत्मनिर्भरता की थीम के तहत इसे स्वदेशी आधार पर डिजाइन के साथ एल एंड टी डिफेंस कंपनी ने तैयार किया है। जिसके जरिए आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखते हुए भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देना है।

## अगले माह वायु सेना में शामिल होगा पहला एलसीए तेजस एमके- 1ए विमान,सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1-ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1-ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निर्माता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे।

सत्यमेव जयते भारत सरकार
IFSCA

सिंगल क्लिक में नवाचार को बढ़ावा देना:
गिफ्ट आईएफएससी के लिए आईएफएससीए का आईटी गेटवे

गिफ्ट आईएफएससी में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए)
सिंगल विंडो आई टी सिस्टम
के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है |



इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
दिनांक 16 सितम्बर, 2024 को अपराह्न 3.30 बजे जीएमडीसी ग्राउंड, अहमदाबाद, गुजरात में
गुजरात के मुख्यमंत्री
भूपेन्द्र पटेल
की गरिमामयी उपस्थिति में गौरवान्वित करेंगे।

सिंगल विंडो आईटी सिस्टम के मुख्य लाभ:
- **व्यापार करने में आसानी**: अनुमोदन, रजिस्ट्रीकरण और अनुपालन के लिए सरलीकृत प्रक्रियाएँ, सभी एक ही मंच पर।
- **बढ़ी हुई दक्षता**: डिजिटलीकरण के माध्यम से तीव्र प्रसंस्करण समय और पारदर्शी संचालन।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता**: सुव्यवस्थित, एकीकृत प्रणाली जो अग्रणीय वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगी।
- **निवेश को बढ़ावा:** वित्तीय संस्थानों, स्टार्टअप और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र।

विजिट: www.ifsca.gov.in
लाइव कार्यक्रम देखें: DD NEWS
CBC 15228/15/0007/2425

# अमेजन-फ्लिपकार्ट नियमों को दिखा रहे ठेंगा, मोबाइल कंपनियों से मिलीभगत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट पर सैमसंग, शाओमी और दूसरी कई स्मार्टफोन कंपनियों पर मिलीभगत का आरोप लगा है। यह आरोप भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से लगाया गया है।

- ई-कॉमर्स कंपनियों ने मिलकर वेबसाइट पर लांच किया एक्सक्लूसिक प्रोडक्ट

सीसीआई के मुताबिक इन स्मार्टफोन कंपनियों ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ मिलकर इनकी वेबसाइट पर एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट लांच किए। सीसीआई ने इसे प्रतिस्पर्धा विरोधी कानूनों का उल्लंघन बताया है।

## भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने लगाया आरोप

### सीसीआई की 1027 पेज की रिपोर्ट सौंपी

अमेजन पर सीसीआई की 1027 पेज की रिपोर्ट के मुताबिक 5 कंपनियों (सैमसंग, शाओमी, मोटोरोला, रियलमी और वनप्लस) की भारतीय इकाइयों ने अमेजन और इसके सहयोगियों के साथ एक्सक्लूसिव फोन लांच किए। यह प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। वहीं फ्लिपकार्ट के मामले में सीसीआई ने 1696 पेजों की रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कहा गया है कि सैमसंग, शाओमी, मोटोरोला, वीवो, लेनोवो और रियलमी की भारतीय इकाइयों ने भी एक्सक्लूसिव फोन लांच किए। इस मामले में सैमसंग और शाओमी जैसी कंपनियों को शामिल करने से उनकी कानूनी और अनुपालन संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं।

*लग सकता है जुर्माना : सीसीआई आने वाले हफ्तों में अमेजन, फ्लिपकार्ट, खुदरा विक्रेता संघ और स्मार्टफोन कंपनियों की ओर से अपने निष्कर्षों पर किसी भी आपत्ति की समीक्षा करेगा। ऐसे में इन ई-कॉमर्स कंपनियों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही कंपनियों को अपने बिजनेस और काम करने के तरीकों को बदलने के लिए भी कह सकता है।*

### फ्री एंड फेयर कॉम्पटीशन के खिलाफ

सीसीआई के अतिरिक्त महानिदेशक जीवी शिव प्रसाद ने अमेजन और फ्लिपकार्ट की रिपोर्ट में लिखा है एक्सक्लूसिव बिक्री न सिर्फ फ्री एंड फेयर कॉम्पटशन के खिलाफ है बल्कि उपभोक्ताओं के हित में भी नहीं है। सीसीआई ने यह भी कहा है कि दोनों ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने विदेशी निवेश का इस्तेमाल चुनिंदा विक्रेताओं को सस्ती दरों पर वेयरहाउस और मार्केटिंग जैसी सर्विस दीं।

सीसीआई की ओर से की गई जांच में पाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने चुनिंदा विक्रेताओं को वरीयता देकर कुछ लिस्टिंग को प्राथमिकता दी। साथ ही प्रोडक्ट्स पर भारी छूट देकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन किया। इससे अन्य कंपनियों को नुकसान हुआ। इस मामले में रॉयटर्स ने सबसे पहले रिपोर्ट की है। यह रिपोर्ट 9 अगस्त की है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### इंडियन रिटेलर्स ने भी लगाए आरोप

इंडियन रिटेलर्स ने भी इन ई-कॉमर्स कंपनियों पर आरोप लगाए हैं। इन रिटेलर्स का कहना है कि स्मार्टफोन कंपनियां इन ई-कॉमर्स वेबसाइट पर ही एक्सक्लूसिव फोन लांच कर देती हैं। ये रिटेल मार्केट में मौजूद नहीं होते।

---

## खबर संक्षेप

### आयात शुल्क में वृद्धि से तेल-तिलहन में सुधार



**नई दिल्ली।** सरकर द्वारा बीते सप्ताह खाद्य तेलों के आयात शुल्क में वृद्धि किये जाने के बाद देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। वहीं दाम ऊंचा रहने के कारण कम कारोबार तथा नई फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

### एनएक्सपी भारत में करेगी एक अरब डॉलर का निवेश



**ग्रेटर नोएडा।** एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स अगले कुछ वर्षों में भारत में अपनी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों को दोगुना करने के लिए एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है। अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कर्ट सीवर्स ने सेमीकॉन इंडिया 2024 में कहा कि कंपनी पूरे उद्योग के साथ जुड़ रही है।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,01,552.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 1,707.01 अंक या 2.10 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### एनटीपीसी ने 3,151 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लि. ने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,151 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया। कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 32.50 प्रतिशत है। इससे पहले कंपनी ने नवंबर, 2023 में 2,182 करोड़ रुपये का पहला और फरवरी, 2024 में 2,182 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया था।

### ओएनजीसी ने अरुणांगशु को किया निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) को अपने नए ऊर्जा, पेट्रोरसायन और कॉरपोरेट रणनीति विभाग के लिए नया निदेशक मिल गया है। यह कदम कंपनी में नयी जान फूंकने के लिए बोर्ड में किए जा रहे फेरबदल का हिस्सा है। कॉरपोरेट मामलों के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### नायरा एनर्जी के घरेलू ईंधन बिक्री में 14 फीसदी इजाफा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी की ईंधन बिक्री 2024 के कैलेंडर साल की दूसरी तिमाही में 14.3 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान कंपनी का निर्यात घटा है। गुजरात में अपनी वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित समस्त डीजल का 75 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा। 60 प्रतिशत पेट्रोल की बिक्री भारतीय बाजार में हुई। नायरा एनर्जी ने अपने ईंधन खुदरा नेटवर्क को रणनीतिक रूप से कम पहुंच वाले बाजारों तक विस्तारित करते हुए अपने घरेलू कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाया है।

---

### जीओएम में राज्यों के सदस्य भी शामिल होंगे

# जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह के संयोजक हो सकते हैं वित्त राज्यमंत्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर काम कर रहे मंत्री समूह (जीओएम) के संयोजक हो सकते हैं। इसमें राज्यों के सदस्य भी शामिल होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने आगे कहा कि संदर्भ की शर्तें (टीओआर) और जीओएम के सदस्यों को अंतिम रूप देने का काम जारी है। अधिकारी ने कहा, ''जीओएम को यह सुझाव देना होगा कि अहितकर और विलासिता की वस्तुओं पर एकत्रित उपकर को केंद्र और राज्यों के बीच कैसे बांटा जाएगा। साथ ही जीओएम इस बदलाव को लागू करने के लिए आवश्यक कानूनी संशोधनों पर सुझाव देगा।

### उपकर केंद्र एकत्र करता है

अधिकारी ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह के सदस्यों पर निर्णय की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन, चूंकि मुद्दा उपकर के संबंध में है, जो केंद्र द्वारा एकत्र किया जाता है, और इसका बंटवारा होगा, ऐसे में जीओएम में केंद्र से भी एक सदस्य होगा।




### पांच साल के लिए लाया गया था

क्षतिपूर्ति उपकर को शुरुआत में राज्यों को हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए पांच साल को लाया गया था। यह जून, 2022 में समाप्त हो गया था, लेकिन इससे जुटाई गई राशि का इस्तेमाल केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान लिए गए कर्ज और ब्याज के 2.69 लाख करोड़ रुपये के भुगतान के लिए किया गया। जून, 2022 में केंद्र ने क्षतिपूर्ति उपकर को मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया था। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक जुलाई, 2017 को लागू हुआ था।

### कानून में क्या बदलाव करने की जरूरत

जीओएम क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर फैसला लेगा कि कैसे इसे केंद्र और राज्यों के बीच विभाजित किया जाए। साथ ही मंत्री समूह यह भी देखेगा कि कानून में क्या बदलाव करने की जरूरत है, क्योंकि अब इसे क्षतिपूर्ति उपकर नहीं कहा जा सकता है। मंत्री समूह यह देखेगा कि क्या इसे क्षतिपूर्ति उपकर के अलावा किसी अन्य रूप में जारी रखा जा सकता है।

- टीओआर और जीओएम के सदसयों को अंतिम रूप देने का काम जारी
- जीओएम सुझाव देगा, एकत्रित उपकर को केंद्र व राज्यों के बीच कैसे बांटे
- जीओएम आवश्यक कानूनी संशोधनों पर सुझाव देगा

### सरकार ने 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

कोविड महामारी के वर्षों में राजस्व में कमी की भरपाई के लिए जो कर्ज लिया गया था उसके भुगतान के लिए विलासिता और अहितकर उत्पादों पर यह लगाया जाता है। सरकार ने राज्यों के राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

*वरिष्ठ सदस्य को संयोजक बनाया जाएगा*
*आमतौर पर जीओएम के सबसे वरिष्ठ सदस्य को इसका संयोजक बनाया जाता है। इसलिए, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री के जीएसटी मुआवजा उपकर पर जीओएम के संयोजक होने की संभावना है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह अपनी बैठक में मंत्रियों का एक समूह गठित करने का निर्णय लिया था जो परिषद को सुझाव देगा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर कैसे आगे बढ़ा जाए।*

*मार्च 2026 तक बढ़ाने का निर्णय*
*जीएसटी परिषद ने ऋण और ब्याज चुकाने के लिए मुआवजा उपकर को मार्च, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले सप्ताह कहा था कि ऋण और ब्याज का भुगतान दिसंबर, 2025 या जनवरी, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।*

---

# भारत हमारे हांगकांग टर्मिनल का इस्तेमाल करे : कैथे कार्गो

एजेंसी ⏭ हांगकांग




- यह सुविधा हांगकांग में उड़ान भरने वाली सभी एयरलाइनों के लिए खुली है
- वर्तमान में हमारे पास कोई भारतीय एयर कैरियर नहीं है

कैथे पैसिफिक एयरवेज की इकाई कैथे कार्गो ने कहा है कि भारतीय एयरलाइन कंपनियां विभिन्न माल ढुलाई के लिए उसके हांगकांग स्थित कार्गो टर्मिनल का उपयोग करें। उसने कहा कि इसके लिए वह एक एयरलाइन के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है।

कैथे कार्गो टर्मिनल के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मार्क वाट्स के अनुसार, 27 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली यह सुविधा हांगकांग में उड़ान भरने वाली सभी एयरलाइनों के लिए खुली है। "वर्तमान में हमारे पास कोई भारतीय एयर कैरियर नहीं है, लेकिन मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि अधिक भारतीय एयर कैरियर कैथे कार्गो टर्मिनल का उपयोग करें। हम इस समय एक के साथ सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने उस भारतीय एयरलाइन कंपनी का नाम बताने से इनकार कर दिया, जिसके साथ बातचीत चल रही है। वाट्स ने कहा कि एक लाख वर्ग मीटर में फैली यह सुविधा अल्पावधि और मध्यम अवधि के लिए सही आकार की है/" और इसमें आगे विस्तार की गुंजाइश है। हमारी समग्र सुविधा के आकार के संदर्भ में, हम वास्तव में सोचते हैं कि हम अल्पावधि और मध्यम अवधि के लिए सही आकार के हैं... हांगकांग में सामान्य कार्गो के मामले में हमारे पास बढ़ने के लिए बहुत सारे अवसर हैं।

### अवसर मिला तो निवेश हो सकता है

वाट्स ने हालांकि कहा, /"... मैं बस इतना ही कहूंगा कि कभी भी करेंगे, ऐसा कभी नहीं कहना चाहिए। अगर भारत या दुनिया में कहीं भी अच्छा अवसर मिलता है, जहां कैथे कार्गो टर्मिनल के लिए निवेश हो सकता है, तो हम उस पर विचार करेंगे।/"

---

# फेड की ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को देगी दिशा

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी। इसके अलावा वैश्विक मोर्चे पर कई वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह काफी उल्लेखनीय रहा। बृहस्पतिवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। उसी दिन बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने पहली बार 83,000 अंक के स्तर को पार किया। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस सप्ताह साल का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहा है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक 18 सितंबर को होगी। यह लगभग तय है कि इससे ब्याज दर में कटौती चक्र की शुरुआत होगी। अमेरिका में आम सहमति ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती को लेकर है।

### फेड ब्याज दर 18 सितंबर को करेगा घोषित

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 1,707.01 अंक या 2.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 504.35 अंक या 2.02 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे की ओर देखें, तो यह सप्ताह काफी महत्वपूर्ण है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा 18 सितंबर को होगी।

---

### बायर खेती-बाड़ी की टिकाऊ गतिविधियों को बढ़ावा देगी...



**नई दिल्ली।** जर्मनी की कंपनी बायर ने किसानों के बीच सहयोग, नवोन्मेष और ज्ञान साझा करने के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया है। कंपनी ने इसके तहत भारत में एक वैश्विक पहल 'फॉरवर्ड फार्मिंग'' शुरू की है। बायर 'फॉरवर्ड फार्मिंग'' एक वैश्विक नेटवर्क है जिसका उद्देश्य टिकाऊ कृषि गतिविधियों को प्रदर्शित करना और बढ़ावा देना है कंपनी ने बयान में कहा कि हरियाणा के पानीपत में 18 हेक्टेयर में फैला, बायर 'फॉरवर्ड फार्म'' देश में छोटे किसानों की जरूरतों के अनुरूप नई कृषि तकनीकों का प्रदर्शन करेगा। इसमें कहा गया है कि 'फॉरवर्ड फार्म'' धान की खेतों में सीधी बुवाई फसल प्रणाली, खरपतवार प्रबंधन के नये उपाय, विशिष्ट रूप से तैयार कृषि विज्ञान प्रणाली, पोषण और जल प्रबंधन, वर्मीकम्पोस्ट, सिंचाई और ड्रोन प्रौद्योगिकी आदि पर ध्यान केंद्रित करेगा।

---

# देश के 90 फीसदी वित्तीय संस्थान एआई पर दे रहे ध्यान : रिपोर्ट

- लगभग 74 प्रतिशत लोगों में डेटा एनालिटिक्स भी प्रमुखता से उभर रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत में 90 प्रतिशत वित्तीय संस्थान नवोन्मेषण के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और सृजनात्मक एआई (जेनएआई) पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट 'भारत में फिनटेक नवाचार परिदृश्य का मानचित्रण' के अनुसार, लगभग 74 प्रतिशत लोगों में डेटा एनालिटिक्स भी प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। यह बताता है कि वित्तीय सेवा (एफएस) क्षेत्र के भीतर अंतर्दृष्टि और निर्णय लेने में इसकी अभिन्न भूमिका है। इसमें कहा गया है कि सर्वेक्षण में बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों सहित 31 वित्तीय संस्थानों ने भाग लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, "एआई और जेनएआई भारतीय वित्तीय संस्थानों के लिए नवोन्मेषण के लिए मुख्य क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। इसमें 90 प्रतिशत लोगों ने इन्हें नवोन्मेषण के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकी बताया है।'' इसके अलावा, 84 प्रतिशत लोगों ने कहा कि ग्राहक अनुभव और जुड़ाव - अधिग्रहण, ऑनबोर्डिंग और सर्विसिंग नवाचार पहल के लिए प्रमुख क्षेत्र था।

---

# भारत में ऑफलाइन ऑडियो उपकरण बाजार 5,000 करोड़ रुपए पर पहुंचा

- यह व्यक्तिगत ऑडियो खंड में 61 फीसदी सालान वृद्धि से हासिल हुआ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय ऑडियो उपकरण (सुनने वाला या श्रव्य उपकरण) बाजार में 'उल्लेखनीय वृद्धि' देखी जा रही है। शोध कंपनी जीएफके ने एक रिपोर्ट में बताया कि जून, 2024 में ऑफलाइन खुदरा बिक्री 5,000 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार (एमएटी) पर पहुंच गई है। यह व्यक्तिगत ऑडियो खंड में 61 प्रतिशत की सालाना वृद्धि से हासिल हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि इमर्सिव साउंड प्रौद्योगिकियों में वृद्धि, बेहतर उपभोक्ता अनुभव और घरेलू और व्यक्तिगत, दोनों श्रेणियों में उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो उत्पादों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। इसके अलावा, इस श्रेणी में महंगे उपकरणों की ओर बदलाव के कारण उपभोक्ता बेहतर गुणवत्ता और इमर्सिव ऑडियो अनुभव की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे भारतीय ऑडियो उपकरण बाजार को भी मदद मिल रही है। भारतीय उपभोक्ताओं में ऑडियो उपकरणों के लिए काफी चाह है और वे सिनेमा वाला अनुभव और बेहतर सुनने की सुविधा चाहते हैं।

### गुणवत्ता देख रहे उपभोक्ता

हेडफोन, हेडसेट और मिनी/ब्लूटूथ स्पीकर जेन जेड उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक हो गए हैं, जो ऑडियो अनुभवों में मजबूती, सामर्थ्य, स्टाइलिश और गुणवत्ता देख रहे हैं।"

---

## बिजनेस साइट

### अविनाश वन : रेसीडेंशियल और स्टूडियो अपार्टमेंट के डेमो फ्लैट्स की भव्य लॉंचिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अपने प्रमुख टॉवर के लिए प्रसिद्ध अविनाश वन ने शनिवार को रेसीडेंशियल और स्टूडियो (सर्विस) अपार्टमेंट्स के डेमो फ्लैट्स की भव्य लॉंचिंग की। इस कार्यक्रम की शुरुआत अविनाश ग्रुप के चेयरमैन नरेश सिंघानिया ने फीता काटकर की।

लॉंचिंग के मौके पर एमडी आनंद सिंघानिया, डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया, प्रियांक सिंघानिया, यश सिंघानिया, अदित्य सिंघानिया, सौरभ अग्रवाल, प्रतीक शर्मा, जीएम सेल्स विपिन झा, एजीएम सेल्स मनीष झा, और अविनाश ग्रुप के स्टाफ एवं कस्टमर्स भी मौजूद रहे। यह प्रोजेक्ट जीई रोड, मैग्नेटो मॉल के सामने स्थित जी प्लस 19 फ्लोर में बनाया जा रहा है। 14-15 सितंबर तक आयोजित विशेष कार्यक्रम 'लिव, वर्क, प्ले और शॉप' कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसमें आगंतुकों को अविनाश वन की सुविधाओं और लक्जरी का अनुभव प्राप्त होगा। अविनाश ग्रुप ने बताया कि यह प्रोजेक्ट मिक्स डेवलपमेंट लाइफस्टाइल का अनुभव प्रदान करता है, जिसमें परिवार के साथ सुखद समय बिताने और बेहतरीन सुविधाओं का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। नए स्टूडियो (सर्विस) अपार्टमेंट्स को भी अच्छा प्रतिसाद मिला है। इसके अलावा, अविनाश वन के कमर्शियल स्पेस को 'हैप्पी स्ट्रीट' का नाम दिया गया है, जिसमें रिटेल शॉप्स, कैफे, एंकर शोरूम, रेस्टोरेंट, किओस्क और ऑफिस स्पेस शामिल हैं।

### बालाजी ग्रुप के 200 बिस्तरों वाले बीसीआर हॉस्पिटल का उद्घाटन



**रायपुर।** श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के नए 200 बिस्तरों वाले बीसीआर हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार को जोरा में हुआ। इस समारोह में डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अस्पताल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक उपस्थित थे।

इस अस्पताल में कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों के इलाज की विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे प्रदेशवासियों को मेट्रो शहरों का दौरा करने की आवश्यकता नहीं होगी। अस्पताल एयरपोर्ट के नजदीक स्थित है और इसमें 5 स्टार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल में 4 ऑपरेशन थियेटर और मल्टी स्पेशियालिटी सुविधाएं भी होंगी। अस्पताल की लॉबी 5 स्टार सुविधाओं से लैस होगी और 8 ओपीडी पूरी तरह से टोकन आधारित और हाईटेक होंगी। अस्पताल पूरी तरह से सेंट्रलाइज एसी से लैस है और अमेरिकन ओंकोलॉजी इंस्टिट्यूट के साथ एमओयू किया गया है, जिसका उद्देश्य कैंसर मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। वीआईपी मरीजों के लिए विशेष वीआईपी आईसीयू 10 बेड का होगा, साथ ही 10 प्राइवेट और 10 सेमी प्राइवेट बेड के अलावा जनरल बेड और कैजुअल्टी की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

---

### दास ने सिंगापुर के एक कार्यक्रम में दी चेतावनी

# बैंकों पर मंडरा रहा शॉर्टसेलर का खतरा : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि बैंकों पर शॉर्टसेलर्स का खतरा मंडरा रहा है।

- उन बैंकों को ज्यादा खतरा जिनके पास कॉमर्शियल रियल एस्टेट पोर्टफोलियो है

सिंगापुर में एक कार्यक्रम के दौरान शक्तिकांत दास ने कहा कि ज्यादा खतरा उन बैंकों को है, जिनके पास कॉमर्शियल रियल एस्टेट पोर्टफोलियो बड़ी संख्या में मौजूद है।

ऐसे में बैंकों को सावधान रहना होगा। गवर्नर ने कहा कि शॉर्टसेलिंग का शिकार होने पर निवेशकों का भरोसा बैंकों पर से डगमगा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने ब्रेटन वुड्स कमेटी के फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि शॉर्टसेलर बड़े बैंकों को निशाना बनाने की फिराक में हैं। अगर ऐसा होता है तो बैंकों के सामने मुसीबत खड़ी हो जाएगी।



*बैंकों को किया अलर्ट : दास ने बैंकों को अलर्ट रहने को कहा। साथ ही सलाह दी कि अगर आप रेगुलेटरी नियमों का अच्छे से पालन करेंगे तो यह न सिर्फ आपकी बैलेंस शीट बल्कि स्थायित्व के लिए भी अच्छा होगा। अगर बैंकों के पास कॉमर्शियल रियल एस्टेट पोर्टफोलियो ज्यादा है तो उन्हें फूंक-फूंक कर कदम रखने होंगे।*

### आर्थिक विकास दर सही दिशा में

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक तरक्की पर बात करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में 7.5 फीसदी या उससे अधिक की दर से बढ़ने की क्षमता है। यह आरबीआई के 2024 के पूरे साल के अनुमान 7.2 फीसदी से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि साल के अंत में 7.2 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि की उम्मीद है। पहली तिमाही में आई सुस्ती का प्रमुख कारण लोकसभा चुनाव बताया जा रहा है। भारत में महंगाई को उन्होंने कंट्रोल में बताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 4 फीसदी है।

### कॉमर्शियल रियल एस्टेट सेक्टर में जमकर कर्ज दे रहे बैंक

भारतीय बैंक कॉमर्शियल रियल एस्टेट सेक्टर में जमकर कर्ज दे रहे हैं। आरबीआई के मई में जारी किए गए डेटा के अनुसार, बैंकों का कॉमर्शियल रियल एस्टेट पोर्टफोलियो सालाना आधार पर 22.94 फीसदी बढ़ा है। इस सेक्टर में बैंकों का कर्ज मार्च, 2024 में 3.96 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। मार्च, 2023 और मार्च, 2024 के बीच बैंकों ने अपने लोन में 74,006 करोड़ रुपए की वृद्धि की है। यही आंकड़ा मार्च, 2022 और मार्च, 2023 के बीच 25,342 करोड़ रुपए बढ़ा है।

## खबर संक्षेप



### चेन्नई पहुंची बांग्लादेश की टीम, प्रदर्शन का भरोसा

**चेन्नई।** पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की सफलता के बाद आत्मविश्वास से भरी बांग्लादेश की टीम दो टेस्ट मैचों और तीन टी20 मैचों के लिए रविवार को भारत पहुंची, जहां कप्तान नजमुल हसन शंटो ने आने वाले सप्ताह में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। बांग्लादेश की टीम 19 सितंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट के लिए रविवार दोपहर को चेन्नई पहुंची। शंटो ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, 'यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण श्रृंखला होगी।'

### हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब हॉकी टूर्नामेंट में जीते

**जालंधर।** हरियाणा, कर्नाटक और पंजाब ने रविवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन जीत दर्ज की।



आंध्र प्रदेश और दिल्ली ने 5-5 से ड्रॉ खेला। दिन के पहले मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 6-1 से हराया जबकि कर्नाटक ने भी केरल को इसी स्कोर से शिकस्त दी। दिन के अंतिम मैच में पंजाब ने मिजोरम को 7-1 से हराया।

### गिल को टी20 श्रृंखला से मिलेगा आराम

**नई दिल्ली।** भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा।



टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है।

### कोलकाता में आयोजित होगी फीफा की कार्यशाला

**नई दिल्ली।** फीफा की 'कोच कैपेसिटी बिल्डिंग' कार्यशाला 16 से 18 सितंबर तक कोलकाता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएगी।




यह कार्यशाला विश्व फुटबॉल संचालन संस्था की महिला लीग विकास का अहम हिस्सा है जो फीफा महिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आता है। इस 'कोच कैपेसिटी बिल्डिंग' कार्यशाला का संचालन फीफा विशेषज्ञ साइमन टोसेली और स्टेफनी स्पीलमैन करेंगे। फीफा महिला फुटबॉल तकनीकी विशेषज्ञ टोसेली ने इससे पहले इस साल जून में नई दिल्ली में महिला फुटबॉल रणनीति कार्यशाला आयोजित की थी।

### अश्विन के दिमाग और सोच का सम्मान



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह पिछले कुछ वर्षों से भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाते रहे हैं क्योंकि वह ऐसे गेंदबाज है जिसके पास हमेशा योजना और रणनीति होती है। अश्विन (39 विकेट) ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले भारतीय गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ख्वाजा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'रवि बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। वह बहुत रणनीतिक हैं। उनके पास बल्लेबाजों के लिए हमेशा एक योजना होती है।'

# डायमंड लीग : नीरज ने 87.86 मीटर फेंका भाला, गंवाई ट्रॉफी




**चोपड़ा का प्रदर्शन**

| थ्रो | दूरी |
|---|---|
| पहला | 86.82 मीटर |
| दूसरा | 83.49 मीटर |
| तीसरा | 87.86 मीटर |
| चौथा | 82.04 मीटर |
| पांचवां | 83.30 मीटर |
| छठा | 86.46 मीटर |

**जीते 10 लाख रुपए**

डायमंड लीग चैंपियन बनने पर पीटर्स को डायमंड लीग ट्रॉफी और 25 लाख रुपए मिले। फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने के लिए चोपड़ा को 10 लाख रुपए मिले। इसके साथ ही 14 चरण के बाद प्रतिष्ठित डाइमंड लीग और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स सत्र का भी अंत हो गया।

**सत्र में जीता सिर्फ एक खिताब**

*हरियाणा के चोपड़ा के प्रदर्शन में पूरे सत्र में निरंतरता दिखी। वह हालांकि इस दौरान सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत सके जो उन्होंने 18 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों के रूप में जीता। दोहा और लुसाने में क्रमशः 10 मई और 22 अगस्त को एकदिवसीय डायमंड लीग प्रतियोगिता में दूसरे स्थान के साथ चोपड़ा ने ओवरॉल तालिका में 14 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए डाइमंड लीग फाइनल में जगह बनाई थी।*

**9वें स्थान पर रहे साबले**

शुक्रवार को राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 3000 मीटर स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले ने डायमंड लीग फाइनल में पहली बार खेलते हुए आठ मिनट 17.09 सेकंड के औसत समय के साथ 10 खिलाड़ियों के बीच नौवां स्थान हासिल किया था। वह ओलंपिक खेलों में 11वें स्थान पर रहे थे। पहली बार डायमंड लीग फाइनल में दो भारतीयों ने हिस्सा लिया।

एजेंसी ⏭ ब्रसेल्स

भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग खिताब से एक सेंटीमीटर से चूक गए और शनिवार देर रात को सत्र के फाइनल में 87.86 मीटर के थ्रो के साथ लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 26 वर्ष के चोपड़ा ने 2022 में ट्रॉफी जीती थी और पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका लेकिन विजेता एंडरसन पीटर्स के 87.87 मीटर से एक सेंटीमीटर पीछे रह गए। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जबकि सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.49 मीटर है।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने फिलाडेल्फिया को 3-1 से रौंदा

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल



लंबे समय बाद वापसी कर रहे स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में शनिवार रात को यहां फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से हराया। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी मेसी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ 1-0 की जीत के दौरान दाएं टखने में लगी चोट के कारण एक जून के बाद पहली बार इंटर मियामी की ओर से खेल रहे थे। मेसी ने 26वें और 30वें मिनट में गोल दागे और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में लुई सुआरेज (90 प्लस आठ मिनट) के गोल में मदद भी की। फिलाडेल्फिया यूनियन की ओर से एकमात्र गोल मिखाइल उहरे ने दूसरे मिनट में किया।

## मैड्रिड ने सोसीदाद को हराया

**बार्सीलोना।** काइलियान एमबाप्पे और विनिसियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे रियल मैड्रिड ने ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रियल सोसीदाद को 2-0 से हराया। सर्जियो गोमेज के हैंडबॉल करने के बाद मैड्रिड को पेनल्टी मिली जिसे विनिसियस ने 58वें मिनट में गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैड्रिड को सोसीदाद के डिफेंडर जॉन अरामबुरु के फाउल पर 75वें मिनट में एक और पेनल्टी मिली जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। दिन के अन्य मुकाबालों में सेविला ने गेटाफे को 1-0 से हराया जबकि इस्पानयोल ने अलावेस को 3-2 से शिकस्त दी। विलारियल ने मालोर्का को 2-1 से हराया।



## 4-0 से जीता एसी मिलान

*मिलान। एसी मिलान ने शनिवार को यहां वेनेजिया को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में 4-0 से हराया जो नए कोच पाउलो फोनसेका के मार्गदर्शन में टीम की पहली जीत है। थियो हर्नांडिज ने दूसरे ही मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जिसके बाद यूसुफ फोफाना ने 16वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। क्रिस्टियन पुलिसिच (25वें मिनट) और टैमी अब्राहम (29वें मिनट) ने पेनल्टी पर गोल दागकर मिलान की 4-0 से जीत सुनिश्चित की। बोलोगना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोमो को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि यूवेंट्स ने एम्पोली से गोल रहित ड्रॉ खेला।*



# स्वीडन से छठी बार हारा भारत

एजेंसी ⏭ स्टॉकहोम

रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए तथा पुरुष युगल के करो या मरो मैच में हार गए। सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी पहले उलट एकल में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। इससे स्वीडन ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इस मुकाबले में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

भारत शनिवार को दोनों एकल मैच हार गया था और मुकाबले में बने रहने के लिए उसे पुरुष युगल में जीत की जरूरत थी, लेकिन रामकुमार और बालाजी एक घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में आंद्रे गोरानसन और फिलिप बर्गेवी से 3-6, 4-6 से हार गए। इस तरह से भारत का स्वीडन के खिलाफ डेविस कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। यह उसकी स्वीडन के हाथों छठी हार है। इससे उलट एकल के मैच औपचारिक बन गए थे लेकिन कप्तान रोहित राजपाल ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ को आजमाने का फैसला किया। भारत की तरफ से डेविस कप में पदार्पण कर रहे सिद्धार्थ कोई कमाल नहीं दिखा पाए और इलियास यामेर से 2-6, 2-6 से हार गए। भारत विश्व ग्रुप एक में अपनी जगह बनाए रखने के लिए अगले साल प्लेऑफ में खेलेगा।



## भारतीय एफटू ड्राइवर कुश दुर्घटना में बाल-बाल बचे

**बाकू।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी रविवार को यहां फार्मूला टू रेस के दौरान एक गंभीर दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। फार्मूला टू रेस को फार्मूला वन रेस का सहायक रेस माना जाता है। यह भीषण दुर्घटना फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी।



इस 23 साल के भारतीय ड्राइवर की कार अचानक रूक गयी और पीछे से आ रहे उनके साथी ड्राइवरों जोसेप मारिया मार्टी और ओलिवर गोएथे की कारें उनकी कार से टकरा गयी। इस भीषण दुर्घटना में कुश की कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया लेकिन वह सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे। कुश के पिता गौतम ने पुष्टि की कि उनका बेटा ठीक है।

# पीएसपीबी ने जीती हॉकी इंडिया पुरुष सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप

एजेंसी ⏭ पुणे

पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड ने रविवार को यहां रोमांचक शूटआउट में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड को हराकर चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब जीता। पिंपरी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ने भारतीय खाद्य निगम को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

कांटे की टक्कर वाले फाइनल में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ, जिसका फैसला अंततः पेनल्टी शूटआउट से करना पड़ा। दर्शन विभव गावकर (11 वां मिनट) ने शुरुआत में आरएसपीबी को बढ़त दिलाई, लेकिन तलविंदर सिंह (59 वां मिनट) ने आखिरी क्षणों में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। शूटआउट में, सुमित कुमार, शिलानंद लाकड़ा, कप्तान देवेंद्र वाल्मीकि ने गोल किए जबकि गोलकीपर पंकज कुमार रजक ने शानदार बचाव के साथ पीएसपीबी की जीत सुनिश्चित की।




**दलीप ट्रॉफी**

# भुई का शतक बेकार, भारत ए ने 186 रन से दर्ज की जीत



एजेंसी ⏭ अनंतपुर

रिकी भुई के शतक ने भारत ए के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की फिरकी के जादू से टीम रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत डी को 186 रन से हराने में सफल रही। कल के 44 रन से आगे खेलते हुए भुई ने 195 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 113 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद 488 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत डी की टीम 301 रन पर सिमट गई। इस जीत से भारत ए को छह अंक मिले जिससे टीम खिताब की दौड़ में बनी हुई है। टीम को हालांकि 19 सितंबर से यहां होने वाले अगले मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे भारत सी (नौ अंक) के खिलाफ अनुकूल नतीजे की जरूरत होगी। लगातार दो हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हुए भारत डी को अगले मैच में दूसरे स्थान पर मौजूद भारत बी से भिड़ना है जिसके सात अंक हैं। भारत डी के बल्लेबाजों को कोटियान (73 रन पर चार विकेट) और मुलानी (117 रन पर तीन विकेट) ने काफी परेशान किया। श्रेयस और सैमसन को मैन ऑफ द मैच मुलानी ने बोल्ड किया।

## कंबोज ने झटके आठ विकेट, मैच ड्रॉ

**अनंतपुर।** तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के आठ विकेट की मदद से भारत सी रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के चौथे और आखिरी दिन भारत बी के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष पायदान पर पहुंच गया। भारत बी टीम 108 ओवर में 332 रन पर आउट हो गई। मैच के तीसरे तीन पांच विकेट चटकाने वाले कांबोज ने आखिरी तीनों विकेट लेकर प्रथम श्रेणी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 286 गेंदों पर 157 रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी में 525 रन बनाने वाली भारत सी ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 128 रन बनाए। इसी समय दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। पहली पारी में बढ़त से तीन अंक हासिल करने वाले भारत सी के नाम दो मैचों में नौ अंक हो गये और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

## इम्तियाज ने रचा इतिहास बनीं अंतरराष्ट्रीय अंपायर

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को बताया कि सलीमा इम्तियाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के डेवलपमेंट अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बन गई हैं। पैनल में सलीमा के नामांकन का मतलब है कि अब वह महिलाओं के द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैचों और आईसीसी की महिला प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग करने की पात्र हैं।




सलीमा ने एक बयान में कहा, 'यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता उन अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। यह क्षण क्रिकेट में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव और उस विकास को बढ़ावा देने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

# डेविस कप फाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

अर्जेंटीना ने शनिवार को यहां फिनलैंड को 3-0 से हराकर आठ टीम के डेविस कप फाइनल टेनिस टूर्नामेंट में जगह बनाई।

■ अर्जेंटीना ने फिनलैंड को 3-0 से हराया

अर्जेंटीना ने पांच साल में पहली बार नवंबर में स्पेन के मलागा में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया। मैनचेस्टर में ग्रुप डी में अर्जेंटीना ने अपने अभियान की शुरुआत 2022 के चैंपियन कनाडा के खिलाफ शिकस्त के साथ की थी।

टीम ने शुक्रवार को मेजबान ग्रेट ब्रिटेन को हराया और फिर फिनलैंड को शिकस्त दी। टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने पुरुष एकल में दुनिया के 703वें नंबर के खिलाड़ी ईरो वासा को 7-6, 6-3 से हराकर अर्जेन्टीना को विजयी शुरुआत दिलाई। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने इसके बाद ओटो विरटेनन को 6-7, 6-1, 6-0 से हराया। पुरुष युगल में मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी ने पैट्रिक काउकोवल्टा और हैरी हेलियोवारा को 6-7, 6-4, 6-3 से हराकर अर्जेंटीना की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। बोलोगना में ग्रुप ए में ब्राजील ने इटली और नीदरलैंड से हारने के बाद बेल्जियम को 2-1 से हराया।



**कोरिया के खिलाफ मुकाबला आज**

# भारतीय टीम एसीटी सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार

एजेंसी ⏭ हुलुनबुइर

शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं।

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की।




### डिफेंस में भी सुधार

भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाए हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं।

### शानदार मैदानी गोल

भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण। लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय था लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।




रहन-सहन

**हर स्थान का अपना खास भोजन और खाने का होता है तरीका**

# मृतकों के साथ भोजन से लेकर जहरीली मछली खाने की दुनिया में विचित्र परंपराएं

किसी भी देश का खान-पान ही वहां के लोगों के रहन-सहन और परंपराओं को दर्शाता है। हर स्थान का अपना खास भोजन और खाने का तरीका होता है, जो उसे बाकी दुनिया से अलग बनाता है। हालांकि, दुनियाभर के कई देशों में खाना खाने से जुड़ी तमाम बेहद विचित्र परंपराएं निभाई जाती हैं।

## मृतकों के साथ भोजन करना

इंडोनेशिया के सुलावेसी क्षेत्र में तोराजा नाम की एक आदिवासी जनजाति रहती है, जो मरने के बाद भी लोगों को अपने साथ रखती है। तोराजाओं का मानना है कि मृतकों की रूह देहांत के बाद भी धरती पर ही रहती है। इसी कारण से तोराजा जनजाति के लोग मृतकों के साथ बैठकर खाना खाते हैं। वे मृतकों के लिए अलग थाली सजाते हैं और उनकी जीवित लोगों जैसी खातिर करते हैं।



## साइबेरिया : मशरुम के साथ पेशाब पीना

साइबेरिया के कोर्याक लोग एक चौका देने वाली परंपरा का पालन करते हैं। दरअसल, यहां धार्मिक अनुष्ठान के रूप में हेलुसीनोजेनिक मशरूम को पेशाब के साथ मिलाने का असामान्य रिवाज है। यहां के लोगों का मानना है कि ऐसा करने से उन्हें ध्यान लगाने में मदद मिलती है और वे आत्माओं से बात कर पाते हैं। कहा जाता है कि मशरूम को खाकर पेशाब पीने से लोग सामाजिक रूप से सक्रिय हो जाते हैं और खुश रहते हैं।



## कोरिया : चूहों वाली वाइन पीना

लोगों के घर में अगर एक चूहा घुस जाए तो वो डरकर चीखने लगते हैं। हालांकि, कोरिया के लोग इस जीव से बनी वाइन पीते हैं। कोरियाई लोगों का मानना है कि चूहों से बनी वाइन में कई औषधीय गुण होते हैं। इसे केवल चूहों के मरे हुए नवजात बच्चों से ही बनाया जाता है, जिनके शरीर पर बाल नहीं होते हैं। इस वाइन में 12 महीने तक चूहों को रखने के बाद ही इसे पिया जाता है।

## जापान : जहरीली मछली पफर खाना

वैसे तो पफर मछली को बेहद जहरीला माना जाता है, लेकिन जापान के लोग इसे खाने से नहीं चूकते हैं। इस मछली को खाने के लिए जापानी लोग लाखों रुपये खर्च कर देते हैं और कई जगहों पर इसकी बोली लगती है। इसमें जहरीला टेट्रोडोटॉक्सिन होता है, जिसे पकाने के लिए विशेष तकनीक लगती है। सबसे विचित्र बात यह है कि टेट्रोडोटॉक्सिन का दुनिया में कोई एंटीडोज उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद भी जापानी लोग इसे चाव से खाते हैं।



## मिस्र : खाने के बाद डकार लेना

आम तौर पर किसी सभा या समारोह में खाते समय डकार लेना शर्मिंदा करने वाला होता है। हालांकि, मिस्र के लोग इसे एक अच्छी आदत मानते हैं। इस देश में खाने के बाद डकार लेने को भोजन शिष्टाचार माना जाता है, जो इस बात को दर्शाता है कि आपको भोजन पसंद आया। अगर आप मिस्र में खाना पकाने वाले व्यक्ति की तारीफ करना चाहते हैं, तो उनके सामने डकार लें।

## दुनियाभर में पी जाने वालीं सबसे विचित्र चाय

**भारत** में चाय को पेय पदार्थ से ज्यादा एक भावना माना जाता है। देशभर में कई तरह की चाय पी जाती हैं, जिनमें काहवा और नून-चाय जैसी कई विविधताएं शामिल हैं। इसी कड़ी में अरुणाचल प्रदेश में एक चौका देने वाली चाय पी जाती है, जिसे पांगा गोबर चाय कहते हैं।

**तिब्बत और नेपाल** के पहाड़ी इलाकों में फर्मेंटेड याक मक्खन के साथ चाय को एक नया स्वाद दिया जाता है। इस पारंपरिक पेय को 'पो चा' या 'बटर टी' के नाम से भी जाना जाता है। इस अनोखी चाय को बनाने के लिए नमक, याक के दूध से बने मक्खन और चाय की पत्तियों को एक साथ मथा जाता है।

**इंडोनेशिया** में एक अजीबो-गरीब चाय का सेवन किया जाता है, जो बेहद दुर्लभ और महंगी होती है। इस चाय को 'बग-पूप टी', 'कोपी-लूवक' और 'सिविट-कॉफी' भी कहते हैं। इस चाय को बिल्लियों की एक प्रजाति सिविट के मल से बनाया जाता है।

# पॉल एलन की दुर्लभ सिएटल कलाकृतियां करोड़ों में नीलाम



**न्यूयार्क।** पॉल गार्डनर एलन अमेरिका के एक उद्योगपति थे, जिन्होंने बिल गेट्स के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। हाल ही में पॉल की ऐतिहासिक कलाकृतियों का संग्रह 'पुशिंग बाउंड्रीजः इनजेनिटी फ्रॉम द पॉल जी. एलन कलेक्शन' एक नीलामी के दौरान 1,02,53,500 डॉलर (86 करोड़ से ज्यादा रुपये) में बिका है। पॉल की ऐतिहासिक कलाकृतियों के संग्रह को न्यूयॉर्क में स्थित क्रिस्टीज नीलामी घर द्वारा बेचा गया है, जिसमें पॉल की 36 वस्तुएं शामिल थीं। नीलामी में शामिल एक वस्तु ऐपल-1 पर्सनल कंप्यूटर था, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख डॉलर से 8 लाख डॉलर (लगभग 4 करोड़ से 6 करोड़ रुपये) के बीच थी। हालांकि, यह इससे अधिक कीमत यानी 9,45,000 डॉलर (7 करोड़ से ज्यादा रुपये) में बिका।







मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371







Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. $Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22) ~Finance scheme is at the sole discretion of financiers & subject to its respective terms & conditions. Offer is for limited period or till stock lasts. Offers amount & combination of offers may vary for model/variant & states. #HIPL stands for High Intensity Position Lamp. –Mileage as per third party testing under standard conditions. ^Basis data available in public forum for products in 125cc Motorcycle segment.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री साई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983.

VML.5750.2024HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com